# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 30 मार्च 2026



# रेलवे ने लौटाईं ट्रेनें, अब अप्रैल में 21 दिनों के लिए रद्द नहीं रहेंगी शालीमार-ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस

## हरिभूमि ने 28 मार्च के अंक में प्रमुखता से उठाया था मुद्दा, रेलवे ने वापस लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज, रायपुर

रायपुर से होकर मुंबई जाने वाली ट्रेनों को अप्रैल में 21 दिनों तक रद्द किए जाने से यात्रियों को हो रही परेशानी के मुद्दे को हरिभूमि ने 28 मार्च के अंक में प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए मुंबई रूट की इन ट्रेनों को बहाल कर दिया है। दक्षिण-पूर्व रेलवे ने नागपुर डिवीजन के अंतर्गत गोंदिया स्टेशन के पास ट्रैक मरम्मत और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के चलते 4 से 26 अप्रैल के बीच 'शालीमार-कुर्ला एक्सप्रेस' और 'ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस' को रद्द करने की घोषणा की थी, जिसे अब वापस ले लिया गया है, यानी 21 दिनों के लिए रद्द की गई शालीमार और ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस अब इन तिथियों में भी



अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही चलेंगी। इन प्रमुख ट्रेनों के बहाल होने और बुकिंग दोबारा शुरू होने से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

रेलवे ने मुंबई रूट की ट्रेनों को बहाल करने का कारण स्पष्ट नहीं किया है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली जाने वाली प्रमुख ट्रेनें जैसे- समता एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और गोंडवाना एक्सप्रेस 4 से 24 अप्रैल के बीच रद्द ही रहेंगी। इन ट्रेनों के न चलने से यात्रियों की परेशानियां बनी हुई हैं। मजबूरी में कई यात्रियों को राजधानी एक्सप्रेस के महंगे टिकट खरीदने पड़े हैं। इसके अलावा, दिल्ली जाने वाले यात्रियों की भीड़ का अतिरिक्त दबाव अब हमसफर एक्सप्रेस पर भी देखने को मिलेगा।

शालीमार और ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के बहाल होने से अब गीतांजलि एक्सप्रेस और मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस जैसी अन्य ट्रेनों पर यात्रियों का दबाव कम होगा। इन प्रमुख ट्रेनों के वापस पटरी पर लौटने से लंबी दूरी के सफर के लिए यात्रियों को एक बार फिर से आसानी से कंफर्म सीटें मिल सकेंगी।

**मुंबई की ये ट्रेनें हुईं बहाल**

- 18030 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस) शालीमार से छूटने वाली यह गाड़ी 4 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बहाल रहेगी।
- 18029 (लोकमान्य तिलक टर्मिनल - शालीमार एक्सप्रेस) लोकमान्य तिलक टर्मिनल से छूटने वाली यह गाड़ी 6 अप्रैल से 26 अप्रैल तक बहाल रहेगी।
- 12101 (लोकमान्य तिलक टर्मिनल - शालीमार ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 4, 5, 7, 8, 11, 12, 14, 15, 18, 19, 21 और 22 अप्रैल 2026 को चलने वाली यह गाड़ी बहाल की गई है।
- गाड़ी संख्या 12102 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनल ज्ञानेश्वरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस) शालीमार से 6, 7, 9, 10, 13, 14, 16, 17, 20, 21, 23 और 24 अप्रैल 2026 को चलने वाली यह गाड़ी बहाल की गई है।


# 8 लाख मीट्रिक टन अतिशेष धान की होगी ई-नीलामी

## ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मिलर्स और व्यापारियों को पंजीयन कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पूरी होने के बाद अब अतिशेष धान के निपटारे के लिए इसे ई-नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। मार्कफेड द्वारा इस साल खरीदे गए 141 लाख मीट्रिक टन धान में से 133 लाख टन धान की मिलिंग की जाएगी। उसके हिसाब से ही मिलरों को धान प्रदाय किया जा रहा है। केंद्रीय पूल में 73 लाख टन चावल लिए जाने के बाद करीब 8 लाख टन धान शेष बचेगा। मंत्रिमंडलीय उपसमिति एवं राज्य शासन की स्वीकृति के बाद मार्कफेड ने नीलामी प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। अतिरिक्त धान को पिछले साल की तरह इस साल भी नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा।

मार्कफेड के अनुसार, सभी उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव किया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में जगह के हिसाब से रखा जा रहा है। सभी जिलों में 1161 मिलरों के माध्यम से धान का उठाव मिलिंग कर एफसीआई और नान में जमा करने के लिए दिया जा रहा है। नागरिक आपूर्ति निगम में 9441 टन चावल जमा किए जा चुके हैं। एफसीआई में अभी चावल जमा नहीं किए गए हैं। यहां पर रैक मिलने के साथ ही अगले माह से चावल जमा किए जाएंगे। पिछले साल का चावल मिलरों को जमा करना है, उसे पहले लिया जाएगा। उसके



बाद इस साल का चावल जमा होगा।

बताया गया है कि पिछले साल नीलाम किए गए धान की मात्रा इस साल से दोगुनी थी। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से इच्छुक निविदाकारों (बिडर्स) का पंजीयन किया जा रहा है। बोलीदाता संबंधित संग्रहण केंद्रों में जाकर नीलामी के लिए रखे धान का निरीक्षण भी कर सकेंगे। राज्य सरकार ने इस बार खरीदी के दौरान ऑनलाइन निगरानी और अन्य माध्यमों से अवैध धान की बिक्री को रोकने में सफल रही, इसके चलते पिछले साल के मुकाबले कम धान खरीदी हुई।

### ऐसे होगी नीलामी

बताया गया है कि धान की ई-नीलामी मार्कफेड द्वारा अधिकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मिलर्स और व्यापारियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन के बाद प्रथम चरण की नीलामी जल्द शुरू की जाएगी है।नीलामी में भाग लेने वाले निविदाकारों को 'प्राइस मैचिंग' का विकल्प प्रदान किया जाएगा।

### खरीदी से कम दर मिलने पर होगा बड़ा नुकसान

पिछले साल नीलामी के दौरान यह देखा गया कि अधिकांश जिलों में धान की कीमत अधिकतम 2000-2100 रुपए प्रति क्विंटल रही। राज्य सरकार इस वर्ष भी किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। यदि ई-नीलामी में बोली समर्थन मूल्य से कम रही तो शासन को करोड़ों रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सीएम साय, भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम मोदी के 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को सुना। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, मन की बात का यह एपिसोड आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण और कृषि समृद्धि की दिशा में देश के बढ़ते कदमों का सशक्त उदाहरण है। प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात में कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। जनभागीदारी से जल संरक्षण का यह अभिनव प्रयास, जहां किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों के माध्यम से वर्षा जल को सहेजा, आज भूजल स्तर में सुधार की सशक्त मिसाल बन चुका है। हम जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण को आगे बढ़ाकर छत्तीसगढ़ को सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा, नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव भाजयुमो में प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी, भाजयुमो जिला महामंत्री शंकर साहू, सौरभ जागृत उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अहिवारा नगरपालिका में कार्यक्रम सुना। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भाजपा कार्यालय आसनसोल, पश्चिम बंगाल में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात कार्यक्रम असम के डिब्रूगढ़ में सुना।

- कोरिया जिले के जल सरंक्षण की सराहना की पीएम ने

# केदार कश्यप बोले- नक्सलवाद का अंतः भयमुक्त और शांत प्रदेश की ओर ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने टाटीबंध मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नक्सल समस्या के खात्मे को लेकर कहा, अब राज्य में पूरी तरह से भयमुक्त और शांत वातावरण स्थापित हो चुका है। जिन क्षेत्रों में कभी दहशत का माहौल था, वहां आज आम लोग खुलकर जीवन जी रहे हैं और विकास की नई धारा बह रही है।

श्री कश्यप ने कहा, स्थानीय लोगों की खुशी इस बात का प्रमाण है, उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि प्रदेश इस तरह नक्सलवाद से मुक्त हो पाएगा। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय केंद्र सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और संकल्प को दिया। श्री कश्यप ने लोकसभा में नक्सलवाद पर होने वाली चर्चा को लेकर कहा, यह पूरे देश के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, आज देश एक ऐसे दौर में पहुंच चुका है, जहां दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव हो रहा है।

श्री कश्यप ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने हमेशा आदिवासी समाज के साथ अन्याय किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद से आदिवासी क्षेत्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम किया है, जिसके कारण आज आदिवासी समुदाय का भरोसा भाजपा पर बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब कांग्रेस को एहसास हो रहा है कि आदिवासी समाज उनसे दूर हो चुका है, इसलिए वे नए-नए प्रयास कर रहे हैं।

# चोरी के आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार

**रायपुर**। उरला थाना क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़े गए तीन में से दो नाबालिग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। फरार नाबालिगों की पुलिस तलाश में जुटी हुई है। इस संबंध में अफसरों से संपर्क करने पर अफसर कुछ भी बताने से बच रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस की टीम नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश करने माना बाल संप्रेक्षण गृह लेकर गई थी। इस दौरान पुलिस गाड़ी में सवार तीन नाबालिग पुलिस के ध्यान हटते ही उन्हें चकमा देकर भाग गए।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**बस्तर का झीरम हमला, कोंडागांव के विश्रामपुरी थाना में हमला व कांकेर के पखांजूर में नक्सलियों ने दिया था बड़ी घटना को अंजाम**

## नक्सलवाद का खात्मा: राजनांदगांव और नारायणपुर के बाद तीसरी कहानी तीन जिलों की

# 175 वीरों की शहादत, तब मिली बस्तर को राहत, कहानी बस्तर, कांकेर, कोंडागांव की

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

पिछले तीन दशक में नक्सलियों ने कांकेर, कोण्डागांव व बस्तर जिले में कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था। इन हमलों में 175 वीर जवानों ने नक्सलवाद के खात्मे व देश के लिए अपनी सांसें कुर्बान कर दीं। तीन जिलों में बस्तर के झीरम घाटी में हमला, कोण्डागांव के विश्रामपुरी थाना में हमला व कांकेर के पखांजूर में नक्सलियों ने दिया था बड़ी घटना को अंजाम। इन हमलों में कई अधिकारी व जवानों ने अपनी शहादत दी। राजनांदगांव व नारायणपुर के बाद तीसरी कहानी इन्हीं तीन जिलों की है। इनमें दो जिले कोण्डागांव व बस्तर को लगभग साल भर पहले नक्सलमुक्त घोषित कर दिया गया था लेकिन कांकेर में अब भी गिनती के नक्सली बचे हुए है जिन्हें 24 घटे का अल्टीमेटम दिया गया है। समर्पण नहीं करने पर इन्हें मार दिया जाएगा।

**नक्सल खात्मे की डेडलाइन 2 दिन बाकी**

बस्तर रेंज के अंतर्गत आने वाले कोंडागांव, बस्तर और कांकेर जिलों में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के लिए शहादत देने वाले 175 वीर जवानों में 125 स्थानीय पुलिस बल तथा 50 केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) के कर्मी शामिल ▶▶| शेष पेज 4 पर



### शहीद जवान कांकेर

काकेंर जिले में शहीद हुए जवानों में सीआरपीएफ के बृज किशोर शर्मा, चन्द्रेश सिंह, श्याम लाल, बीनम फोम, प्रेमजीत, प्रसेजीत, अनूप जी नायर, देवीदास गवाड़े, धमेन्द्र राय, सतेन्दर यादव, गोविंद सिंह राठौर , मनोज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, भीमा शंकर, आरूप रक्षित, सुरेश कुमार, कोईचुंग अथंग आईमोल, सुमेर सिंह, राम बहाल, कुमुदा चंद्रा स्वान, अमनदीप , रमेश चंद्रा, हरिकेश प्रसाद, विजय कुमार, राकेश नेहरा, गजेन्द्र सिंह, अमरेश कुमार सिंह, विजया नंद नाईक, संतोष लक्ष्मण, लोकेन्द्र सिंह, मुख्तियार सिंह, महेन्द्र सिंह, विपुल बोरा, तुमेश्वर यादव, इशरार खान, रामाकृष्णा, प्रकाश चंद्र शैल, अखिलेश कुमार राय के अलावा जिला बल के राजेश कुमार पाण्डेय, रमेश कुमार साहू, राम स्नेही, श्याम कुमार राठौर, हेमंत कुमार यादव, बृजलाल केमरो, सोमारूराम उसेंडी, बृजलाल ध्रुव, हलालराम हुपेंडी, रंजीत साहू, खितिज मिस्त्री, नजीर बक्स, लोकेश साहू, कमलेश कंवर, देव प्रसाद दर्रो, आशा राम दुग्गे, अशोक पोटाई, राजेश मरकाम, श्याम लाल अम्बाले, सगराम सलाम, जयसिंह ▶▶| शेष पेज 4 पर

### बस्तर के झीरमघाटी व नेतानार हमले में नेताओं के अलावा दरभा थानेदार व जवानों ने दी थी शहादत

नक्सलियों ने 25 मई 2013 को दरभा थाना क्षेत्र के झीरमघाटी में एक बड़ा हमला किया था। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा दल सुकमा से जगदलपुर आ रही थी। परिवर्तन यात्रा टीम जैसे ही झीरम घाट पहुंची तभी पहले से सड़क के दोनों ओर ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र में बड़ा हमला

26 अप्रेल 2007 को ग्राम भुस्की एंव मिचगांव मोड़ में नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस पार्टी कानून व्यवस्था डयूटी के लिए बस में पखांजूर रवाना हुई थी। पुलिस पार्टी को वापसी के दौरान हत्या करने की नीयत से नक्सलियों द्वारा बस में लैंडमाईन विस्फोट कर अंधाधुंध फायरिंग किया गया। उक्त घटना में एएसआई नजीर बख्श समेत 5 ▶▶| शेष पेज 4 पर

### 2011 में नेतनार में थानेदार समेत 6 शहीद

21 अक्टूबर 2011 को ग्राम नेतानार वन विभाग के शासकीय भवन (पर्यटन रिसार्ट) में नक्सलियों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने की सूचना पर दरभा थाना से निरीक्षक महेन्द्र सिंह ध्रुव के साथ 16 जवान मोटर सायकिल से ग्राम नेतानार रवाना हुए थे। वापसी के दौरान नेतानार में स्थित फारेस्ट चेक पोस्ट से करीब 200 मीटर की दूरी पर नक्सलियों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कोंडागांव पेट्रोल बम, ग्रेनेट से हमला

कोण्डागांव जिले में एक अन्य बड़ी घटना 28 मई 2007 को नक्सलियों ने ग्राम पुगारपाल एवं कुदूर के बीच अंजाम दिया। पुलिस पार्टी गश्त, सर्चिंग व साप्ताहिक बाजार प्रबंध के लिए ग्राम कुदूर जा रहे थे तभी ग्राम पुंगारपाल एवं कुदूर के बीच उहपाड़ पहाड़ी के पास नक्सलयों द्वारा पुलिस पार्टी पर पेट्रोल बम, ग्रेनेट व रायफल से फायरिंग कर जान से मारने व हथियार लुटने की नियत से हमला किया गया। इस हमले में एएसआई राजेन्द्र नायक समेत 9 पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे। कोण्डागांव जिले में एक और बड़ी घटना 25 नवम्बर 2008 को विधानसभा चुनाव में पुर्नमतदान केन्द्र नहकानार, तुमड़ीवाल व कुदुर की ओर पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस बल, सीएएफ, एसटीएफ, सीआरपीएफ बल मतदान कराकर मर्दापाल से कोण्डागांव वापस आ रही थी तभी ढोलमुन्दरी एवं गोलावंड के बीच पुलिया में अज्ञात सशस्त्र वदीर्धारी नक्सलियों ने पुलिस बल को जाने से मारने ▶▶| शेष पेज 4 पर




आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels
Pandri, Raipur

*Conditions apply





## चिंतन

# चुनाव में नारी ही 'नारायणी'

देश में अगले महीने होने जा रहे 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में महिला मतदाता अब केवल संख्या नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों की रणनीतियों का केंद्र अब 'नारी शक्ति' ही है, जिसे कभी 'नारायणी' तो कभी 'तारणहार' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रश्न यह है कि क्या यह वास्तविक सशक्तिकरण है या फिर चुनावी लाभ का सुनियोजित गणित? पांच राज्यों के चुनावी परिदृश्य पर नजर डालें तो साफ दिखता है कि चार राज्यों तमिलनाडु, असम, केरल और पश्चिम बंगाल में सरकारों और दलों ने महिलाओं को सीधे नकद सहायता देने की योजनाओं पर बड़ा दांव लगाया है। इन योजनाओं के तहत करोड़ों महिलाओं के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा रहे हैं। तमिलनाडु में 2-2 हजार रुपये का विशेष पैकेज, असम में बिहू के अवसर पर 4-4 हजार रुपये, केरल में मासिक सहायता के रूप में एक-एक हजार और पश्चिम बंगाल की 'लक्ष्मी भंडार' योजना, ये सभी उदाहरण इस नए चुनावी ट्रेंड को दर्शाते हैं। इन योजनाओं का दायरा भी कम नहीं है। चारों राज्यों में लगभग 4.1 करोड़ महिलाएं इनका लाभ ले रही हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 23% हैं। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग कितना महत्वपूर्ण हो चुका है। यही कारण है कि पिछले 5 वर्षों में ऐसी नकद हस्तांतरण योजनाओं वाले राज्यों की संख्या एक से बढ़कर 15 हो गई है और कुल मिलाकर 13 करोड़ से अधिक महिलाओं को सालाना 2.46 लाख करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा रही है। इन योजनाओं का एक सकारात्मक पक्ष भी है। ये महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम हो सकती हैं। विशेषकर ग्रामीण और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए यह सहायता जीवन स्तर सुधारने, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च करने में सहायक बन सकती हैं। हरियाणा की 'लाडो लक्ष्मी', मध्य प्रदेश की 'लाड़ली बहना' या कर्नाटक की 'गृह लक्ष्मी' जैसी योजनाओं ने यह दिखाया है कि यदि सही ढंग से लागू हों, तो ये योजनाएं राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर प्रभाव डाल सकती हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी उतना ही गंभीर है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन योजनाओं के बढ़ते बोझ का असर राज्यों की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। कई राज्यों को अपने विकास कार्यों में कटौती करनी पड़ रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर खर्च घटाने के उदाहरण सामने आए हैं। 'मुफ्त योजनाओं' की बढ़ती प्रतिस्पर्धा एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म दे रही है, जो दीर्घकाल में आर्थिक असंतुलन पैदा कर सकती हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि महिला सशक्तिकरण को केवल नकद सहायता तक सीमित न रखा जाए। वास्तविक सशक्तिकरण तब होगा, जब महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर अवसर मिलें। आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम, कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देना कहीं अधिक स्थायी समाधान हो सकता है। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि चुनावों में नारी आज 'नारायणी' बन चुकी हैं। परंतु यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लाभ का माध्यम न बन जाए, इसका ध्यान रखना आवश्यक है। लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि मतदाता अल्पकालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक विकास और सुशासन को प्राथमिकता दें। तभी सच्चे अर्थों में नारी शक्ति का सम्मान और राष्ट्र का समग्र विकास संभव हो सकेगा।



संभावनाएं
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# अब वैश्विक शिक्षा केंद्र बनने का अवसर

वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है। इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है।

इन दिनों वैश्विक शिक्षा केंद्रों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में भारत के वैश्विक शिक्षा के नए केंद्र के रूप में स्थापित होने की संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 25 मार्च को वैश्विक उच्च शिक्षा सेवाओं का मूल्यांकन करने वाली ख्याति प्राप्त अग्रणी कंपनी ब्रिटेन स्थित क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा प्रकाशित 16वीं वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग में भारतीय शैक्षणिक संस्थानों का अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। भारत ने इस साल विभिन्न विषयों और संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में से 27 स्थान हासिल किए हैं, जो कि पिछले वर्ष 2024 में दर्ज किए गए 12 स्थानों की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं। वास्तव में यह रैंकिंग भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की बढ़ती वैश्विक साख और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस समय भारत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय शिक्षा गंतव्य देश बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत आने वाले विदेशी छात्रों की संख्या में हर साल लगभग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी का अनुमान है। गौरतलब है कि जहां वर्ष 2022 में 39 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत आए थे, वहीं वर्तमान में लगभग 200 देशों के 72 हजार से अधिक विदेशी छात्र भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अब केंद्र सरकार ने 'स्टडी इन इंडिया' पहल के तहत 2030 तक प्रतिवर्ष 2 लाख विदेशी छात्रों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह संकेत है कि सरकार भारत को केवल प्रतिभाओं की आपूर्तिकर्ता के रूप में नहीं, वरन वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब हर साल बड़ी संख्या में गुणवत्तापूर्ण कौशल, अनुसंधान सुविधाओं और उच्च शिक्षा के बाद विदेश में ही करियर के अवसरों को पाने के मद्देनजर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या लगातार घट रही है। हाल ही में संसद में बताया गया कि वर्ष 2023 में 9.08 लाख भारतीय छात्र विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या गिरकर 7.7 लाख पर आ गई और वर्ष 2025 में यह संख्या और घटकर 6.26 पर पहुंच गई। निसंदेह भारत में वर्ष-प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा के लिए आने वाले विदेशी छात्रों की बढ़ती संख्या और भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में कमी के कई कारण हैं। सरकार ने पिछले कुछ सालों में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के कई कदम उठाए हैं। 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी' (एनईपी) 2020 के जरिए शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए हैं। एनईपी के तहत एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड करने, मान्यता देने की व्यवस्था मजबूत करने, रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने और डिजिटल एजुकेशन का विस्तार करने का अभियान लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उच्च शिक्षा में ऐसे गुणात्मक सुधार से भारत के शिक्षा संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता मिल रही है। यही कारण है कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय संस्थानों की संख्या 2014-15 के मात्र 11 से बढ़कर नवीनतम संस्करण में 54 हो गई है। वैश्विक स्तर की शिक्षा व्यवस्था को भारत में लाने के मद्देनजर 19 विदेशी यूनिवर्सिटीज को भारत में कैंपस स्थापित करने की इजाजत दी गई है। इससे जिस वैश्विक शिक्षा के लिए



पहले छात्रों को विदेश जाना पड़ता था, अब वही शिक्षा आसानी से भारत में ही मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। निश्चित रूप से विदेशी यूनिवर्सिटीज को भी भारत में बड़ी संख्या में छात्र मिलने का लाभ है। भारत में उच्च शिक्षा की मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस समय उच्च शिक्षा में छात्रों की जो संख्या 4.46 करोड़ से अधिक है, वह बढ़कर 2035 तक 8.6 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। चूंकि वैश्विक यूनिवर्सिटीज भारत में डिग्री प्रदान कर सकती हैं, अतएव छात्रों के लिए विदेश जाने के खर्च और अनिश्चितताओं के बिना अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भारत में ही लेना लाभप्रद है। इतना ही नहीं, भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा के प्रमुख गंतव्य देश, खासकर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में आव्रजन नियमों में सख्ती आई है और वीजा जांच के अलावा वित्तीय लागत बढ़ गई है। हाल ही में प्रकाशित अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट की रिपोर्ट मार्च 2026 के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से अगस्त 2025 के बीच अमेरिका के द्वारा परमानेंट रेजिडेंट और टेंपरेरी वीजा मंजूरी में साल भर पहले की तुलना में 11 फीसदी की कमी आई है। इसका असर भारत के छात्रों पर अधिक पड़ा है और अमेरिका जाने वाले छात्रों की संख्या में तेज गिरावट आई है। इतना ही नहीं, अमेरिका में जो छात्र अध्ययनरत हैं, उनके लिए भी रोजगार ढूंढना मुश्किल हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार हरसंभव तरीके से भारत को वैश्विक शिक्षा व डिजिटल शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए प्रयास कर रही है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शिक्षा व्यवस्था के विभिन्न आवंटनों को वैश्विक शिक्षा और अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों के मद्देनजर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), इनोवेशन, ऑटोमेशन, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल बिजनेस से सम्बद्ध करने संबंधी प्रभावी पहल की गई है। निश्चित रूप से भारत के पास बदलते हुए दौर में उच्च शिक्षा का वैश्विक केंद्र बनने के अवसर मौजूद हैं। इसे मुठ्ठी में करने के लिए रणनीतिक रूप से और तेजी से आगे बढ़ना होगा। देश को शिक्षा के तहत आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में तेजी से उन्नत कौशल विकसित करने की रणनीति अपनाना होगी। देश में वैश्विक शिक्षा को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाकर खासतौर से एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया सहित कई विकसित और विकासशील देशों के छात्रों के कदम भारत की यूनिवर्सिटीज की ओर मोड़ने के लिए प्रयास करने होंगे।

भारत को इंजीनियरिंग, प्रबंधन, स्वास्थ्य विज्ञान, डिज़ाइन, मीडिया और उभरती प्रौद्योगिकियों की वैश्विक शिक्षा का हब बनाने के विशेष प्रयत्न करने होंगे। देश की यूनिवर्सिटीज को उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान की गुणवत्ता, प्रयोगशालाओं में निरंतर निवेश, वैश्विक संस्थानों के साथ आसान सहयोग, नियामक ढांचों के लिए कठोर मानकों के साथ यूनिवर्सिटिज को अधिक स्वायत्तता से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना होगा। देश में विदेशी परिसरों को आकर्षित करने के मद्देनजर भारतीय यूनिवर्सिटियों की रैंकिंग को और ऊंचाई पर पहुंचाना होगा। इन सबके साथ-साथ सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा और डिजिटल शिक्षा पर निवेश बढ़ाना होगा। उम्मीद करें कि सरकार पश्चिम एशिया युद्ध से बदलती हुई दुनिया में भारत को एआई तथा भविष्य की टेक्नोलॉजी पर आधारित वैश्विक और डिजिटल शिक्षा का ऐसा सस्ता और गुणवत्तापूर्ण हब बनाने की राह पर आगे बढ़ेगी, जिससे भारत से उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में और कमी आए तथा विदेश से उच्च शिक्षा के लिए भारत आने वाले छात्रों की संख्या में और वृद्धि हो।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य
बाल मुकुन्द ओझा



# घटिया और नकली दवाओं से बिगड़ रही देश की सेहत

सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद देश में घटिया और नकली दवाओं पर पूरी तरह लगाम नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण देश के लाखों लोगों की सेहत सुधरने के बजाय बिगड़ रही है। भारत में नकली, घटिया और अवैध दवाओं का धंधा तेजी से फैल रहा है, जिसकी वजह से रोगियों की जान जोखिम में है। विशेषज्ञों के मुताबिक जो दवाएं धोखाधड़ी से निर्मित या पैक की गई हैं, उन्हें नकली और घटिया दवाएं कहा जाता है क्योंकि उनमें या तो सक्रिय अवयवों की कमी होती है या गलत खुराक होती है। नकली दवाओं के काले-कारोबार पर पुलिस और सरकारी एजेंसियों की छापेमारी की खबरें आये दिन मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। अनेक बार लाखों करोड़ों रुपयों की घटिया दवाएं खपत होने के बाद सरकारी एजेंसियों की नज़र में आती है। बहुदा ऐसा भी देखा जाता है कि जब तक इन दवाओं की घटिया होने की रिपोर्ट आती है, तब तक ये बाजार में बिक चुकी होती हैं। रोजमर्रा में काम आने वाली दवाओं के जांच में फेल होने पर लोग सकते में है। केंद्रीय औषधि नियामक ने अपनी कई रिपोर्टों में साफतौर पर जाहिर किया है कि बुखार, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, पेट में संक्रमण आदि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिन दवाओं का आप इस्तेमाल करते हैं, असल में उनकी क्वालिटी खराब है। इतना ही नहीं, बहुत सी दवाएं तो नकली हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियों के ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा है। इन दवाओं के उपयोग को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। आप दवाई खरीदने के लिए बाजार में जा रहे हैं तो पूरी सावधानी और सतर्कता बरतते हुए दवाइयों की जांच करके लें और अपनी दवाइयों को डॉक्टर को एक बार जरूर दिखा दें, क्योंकि इन दिनों बाजार में घटिया दवाइयों को असली बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है। देश में हर बीमारी के लिए नकली दवाएं उपलब्ध हैं। इन नकली दवाओं की पहचान करना आप और हमारे लिए बेहद मुश्किल और लगभग असंभव है। हमारे देश में अंग्रेजी दवाइयों ने घर-घर में अपना साम्राज्य स्थापित कर लिया है। जिसे देखो अंग्रेजी दवाइयों के पीछे भागता मिलेगा। सामान्य बीमारियों से लेकर असाध्य बीमारियों की दवा आज घरों में मिल जाएगी। इनमें चिकित्सकों द्वारा लिखी दवाइयों के अलावा वे दवाइयां भी शामिल हैं जो मेडिकल स्टोर्स से बीमारी बताकर खरीदी गई हैं अथवा गूगल से खोजकर निकाली गई हैं। ये दवाइयां असली हैं या घटिया अथवा नकली, ये भी आम लोगों को मालूम नहीं है। घटिया दवाइयों का बाजार आजकल खूब फलफूल रहा है। आए दिन घटिया और नकली दवाइयां बरामद करने की खबरें मीडिया में सुर्खियों में पढ़ने को मिल रही हैं। इन दवाइयों के सेवन से साधारण खांसी-बुखार और जुकाम को ठीक होने में एक पखवाड़ा या महीना लग जाता है। इसके बावजूद ऐसी दवाइयां खरीदने में हमें कोई हिचकिचाहट नहीं हो रही है। भारत दवाओं का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन करने वाला देश है। मगर देशवासियों को अच्छी गुणवत्ता की दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के मुताबिक, भारत में फार्मा इंडस्ट्री बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही हैं। इसमें साल 2020 से 2025 के बीच 37 प्रतिशत कंपाउंडएनुअल ग्रोथ का अनुमान जताया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक मात्रा में दवाइयां बनाने में भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है। देश में सबसे तेज गति से बढ़ रहे इस कारोबार के 55 बिलियन डॉलर तक पहुंचने के साथ ही नकली और घटिया दवाओं का अवैध कारोबार भी बढ़ रहा है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बढ़ता जा रहा है। एसोचैम ने अपनी एक रिपोर्ट में देश में बनने वाली कुल दवाओं का 25 प्रतिशत नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं बनने और बिकने का खुलासा किया था, जो विश्व की कुल नकली दवाओं का 35 प्रतिशत है। देश में नकली और घटिया दवाओं की बाढ़ आ गई है। आए दिन देश के विभिन्न भागों में घटिया और अमानक दवाएं पकड़ी जा रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत सहित विभिन्न देशों में नकली दवाओं का कारोबार लगभग तीस अरब डॉलर तक पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत नकली दवाओं का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत में 25 फीसदी के करीब दवाइयां नकली बिक रहीं हैं।




(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य होता है ज्ञानी



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते ही बढ़ भी जाती है।

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आम जन को समझदारी बरतनी होगी

ईरान और इजरायल युद्ध के कारण हमारा देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के लगभग सभी देश पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कमी आने के कारण चिंता में हैं। लगभग सभी देश यहीं से आने वाले कच्चे तेल, पैट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर निर्भर हैं। हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है। केंद्र सरकार इस समस्या का हल निकालने के लिए प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए देश के लगभग सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। लेकिन यह भी सच है कि कुछ लोग इन चीजों को लेकर अफवाहों को फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। इन अफवाहों के कारण कुछ लोग इन चीजों की जमाखोरी और कालाबाजारी भी कर रहे हैं। इन चीजों का उपयोग आम जन को समझदारी से करना होगा। – सांकेत अग्रवाल, धमतरी

## करंट अफेयर


### उ. कोरिया ने मिसाइल इंजन का किया परीक्षण



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उच्च शक्ति वाले ठोस ईंधन इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को बढ़ाने वाला घटनाक्रम बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण संभवतः इस बात का संकेत है कि किम ऐसी मिसाइलों के जखीरे का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करना चाहते हैं जो अमेरिका की मुख्यभूमि तक पहुंचने में सक्षम हो। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और 'सबसे बड़े दुश्मन' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का 'ग्राउंड जेट' परीक्षण (इंजन का जमीन पर किया गया परीक्षण) देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन इंजन के एक परीक्षण में बताये गये लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।

## ऑफ बीट

### पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है



अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं–आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।

## ट्रेंड

### मछुआरों पर गर्व



हमें अपने मछुआरों पर गर्व है! ओडिशा, लक्षद्वीप और कर्नाटक के उन प्रयासों को विशेष रूप से दर्शाया गया है जो यह दिखाते हैं कि यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे रहा है।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### फिटनेस पर ध्यान दें



मेरा हमेशा से यह आग्रह रहा है कि आप सभी अपनी फिटनेस पर ज़रूर ध्यान दें। 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' पर अब 100 दिवस से भी कम दिन बचे हैं, वैश्विक स्तर पर योग को दुनियाभर में बढ़ावा मिल रहा है। हमें खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी और शुगर इंटेक को कम करना होगा।
- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### पीड़ितों को न्याय नहीं



ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाज़े पर दस्तक दे रही है। बीते 10 सालों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपमान, हिंसा और हत्या- बीजेपी शासित गुजरात में दलितों, आदिवासियों की यही हकीकत बना दी गई है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी



भाजपा राज में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी का इन्सिनेरेटर पूरी तरह ज़ंग खाकर जर्जर हो चुका है। ऐसे में यदि संक्रमण और प्रदूषण फैलाने वाला मेडिकल कूड़ा-कचरा सही तरीक़े से भस्म नहीं किया जाएगा तो वो स्वयं बीमारियों का कारण बनेगा।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

सोमवार 30 मार्च 2026

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी

वर्ष : 26, अंक : 08

पृष्ठ : 10+6 =16, मूल्य : 4.00***


**मौसम**

अधि. 39.6

न्यून. 22.2

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अंबिकापुर से दिल्ली-कोलकाता के लिए आज से हवाई सेवा

### सीएम साय करेंगे वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के लिए 30 मार्च 2026 का दिन ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज होने जा रहा है। मां महामाया एयरपोर्ट, दरिमा (अंबिकापुर) से देश के प्रमुख महानगरों दिल्ली एवं कोलकाता के लिए नियमित विमान सेवा शुरू होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 मार्च को प्रातः 10 बजे रायपुर से वर्चुअल माध्यम से विमान सेवा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। नई हवाई सेवा के अंतर्गत एलायंस एयर द्वारा 72-सीटर एटीआर विमान संचालित किया जाएगा। अंबिकापुर से दिल्ली के लिए फ्लाइट हफ्ते में दो दिन सोमवार और बुधवार को चलेगी। सोमवार को फ्लाइट सुबह 7.50 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 10.25 बजे बिलासपुर ▶▶|शेष पेज 4 पर

**कनेक्टिविटी भी होगी सुदृढ़**

निर्धारित शेड्यूल के तहत यात्रियों को आने-जाने दोनों दिशाओं में सुविधा उपलब्ध होगी तथा बिलासपुर क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी सुदृढ़ होगी। कोलकाता के लिए भी विमान सेवा प्रारंभ होने से पूर्वी भारत के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र से सीधा संपर्क स्थापित होगा।

# जीएसटी 2.0 से मिली राहत, राजस्व संग्रह भी बढ़ा लेकिन उत्पादक राज्यों को नहीं मिल रहा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद करदाताओं को राहत मिली है, आम आदमी को चीजें सस्ती मिली और कुल जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है। बीते महीनों के आंकड़े दर्शाते हैं कि राजस्व संग्रह पहले की तुलना में बेहतर हुआ है। वहीं, इसका दूसरा पहलू भी है। छत्तीसगढ़ जैसे उत्पादक-प्रधान राज्यों के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। कम उपभोग, अधिक उत्पादन और पुराने टैक्स क्रेडिट के बोझ के कारण राज्य को इस वित्तीय वर्ष में करीब 1500 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान का अनुमान है। इससे छत्तीसगढ़ सरकार पर दबाव बढ़ रहा है और जन कल्याणकारी योजनाओं ▶▶|शेष पेज 4 पर

**अन्य राज्यों में भी असर**

*छत्तीसगढ़ ही नहीं, ओडिशा और झारखंड जैसे अन्य उत्पादन-प्रधान राज्यों में भी इसी तरह की स्थिति है, जहां करीब 1000 करोड़ तक के राजस्व नुकसान की आशंका जताई जा रही है। छत्तीसगढ़ को इसकी वजह से करीब डेढ़ हजार करोड़ की राजस्व हानि का अंदेशा है। यह बड़ी राशि है और इससे छत्तीसगढ़ पर वित्तीय दबाव बढ़ेगा।*

**देश में राजस्व का कलेक्शन लगातार बढ़ रहा**

### देश के राजस्व में वृद्धि लेकिन छत्तीसगढ़ के राजस्व में कमी

देश में जीएसटी कलेक्शन बढ़ रहा है लेकिन यह बढ़ोतरी सभी राज्यों के लिए समान नहीं है। छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन पर दबाव बढ़ गया है और इस वर्ष करीब 10 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है।




### कोयला सेक्टर बना बड़ी वजह

राज्य के राजस्व पर सबसे ज्यादा असर कोयला क्षेत्र से पड़ रहा है। पहले कोयले पर 5 प्रतिशत जीएसटी था, जबकि इनपुट पर 18 प्रतिशत टैक्स लगता था। इससे कंपनियों के पास भारी मात्रा में इनपुट टैक्स क्रेडिट जमा हो गया। अब कोयले पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन कंपनियां पुराने आईटीसी का उपयोग कर रही हैं, जिससे राज्य को नकद राजस्व कम मिल रहा है।

**क्यों हो रहा नुकसान-** जीएसटी एक गंतव्य आधारित कर प्रणाली है, यानी कर का लाभ उसी राज्य को मिलता है जहां वस्तु या सेवा का उपभोग होता है। छत्तीसगढ़ में स्टील, आयरन और कोयले का उत्पादन तो अधिक है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण उपभोग अपेक्षाकृत कम है। इसके अलावा राज्य से बड़ी मात्रा में माल दूसरे राज्यों में भेजा जाता है, जिससे कर का बड़ा हिस्सा उन राज्यों को मिल जाता है जहां इसका उपयोग होता है।

**क्या होगा असर:** राजस्व में कमी का सीधा असर राज्य की विकास और जनकल्याण योजनाओं पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्थिति में सुधार 2027-28 से संभव है, लेकिन फिलहाल राज्यों को दबाव झेलना पड़ेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए आईजीएसटी सेटलमेंट सिस्टम की समीक्षा, उत्पादन राज्यों के लिए संतुलन व्यवस्था और क्षतिपूर्ति तंत्र पर विचार जरूरी है ताकि सभी राज्यों को जीएसटी का समान लाभ मिल सके।


Ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 21 राज्यों में पेट्रोल पंपों पर मिलेगा केरोसीन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पेट्रोल पंपों को भी केरोसिन स्टोर और बेचने की अनुमति दी है। यह फैसला अस्थायी तौर पर 60 दिनों के लिए लागू रहेगा। चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दादरा और नागर हवेली-दमन और दीव, पुदुचेरी, आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गोवा, गुजरात, उत्तराखंड, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मध्य प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं।

### सर्विस हथियार से चली गोली, तीन सैनिक घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में कथित तौर पर आकस्मिक गोलीबारी की घटना में तीन सैनिक घायल हो गए। शनिवार रात त्रेहगाम इलाके के एक सैन्य शिविर में हुई, जहां एक सैनिक के सर्विस हथियार से अचानक गोली चल गई। जिससे उसके तीन साथी घायल हो गए अधिकारी ने पुष्टि की कि इस घटना में तीन सैनिक घायल हुए हैं।

### मरम्मत के दौरान घर ढहा, तीन मजदूरों की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला जिले के फरवाही गांव में रविवार तड़के एक निर्माणाधीन मकान के ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। उन्होंने यह भी बताया कि मकान मालिक ने मरम्मत का काम एक ठेकेदार को सौंपा था। मकान की मरम्मत का काम चल रहा था। एसएचओ ने बताया कि दीवार गिरने से घर ढह गया और तीनों मजदूर मलबे के नीचे दब गए।

### 100 रुपए के लेन-देन के लिए मार डाला

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपए के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपए उधार दिए थे। जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। सोलंकी ने अपने दो साथियों-वीरेंद्र सोलंकी (20) और रणछोड़ सोलंकी (19) के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा।

### फर्जी बम धमकी, आरोपी मैसूरु से गिरफ्तार

**मैसुरु।** दिल्ली पुलिस ने सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और अदालतों को फर्जी बम धमाकों की



धमकी भरे संदेश भेजकर दहशत फैलाने के आरोप में रविवार को मैसूरु से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान श्रीनिवास के रूप में हुई है। वह शहर के वृंदावन लेआउट में एक घर से यह फर्जी संदेश भेज रहा था।

## ईरान की जमीन पर जंग, दोनों तरफ से तैयारी प्रचंड... अब होगा आर-पार का फैसला

*मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष का असर अब पूरी दुनिया पर देखने को मिल रहा है। कहीं पेट्रोल और एलपीजी की कमी हो रही है तो कहीं जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इजरायल और अमेरिका के ताबड़तोड़ हमलों के जवाब में ईरान का इजरायल और खाड़ी देशों को निशाना बनाने से युद्ध अब और भी खतरनाक रूप ले लिया है। इस वैश्विक तनाव के बीच अब अमेरिका के अंदर ही विद्रोह होने शुरू हो गए हैं। ट्रंप के खिलाफ करीब 3300 शहरों में करीब 80 लाख लोगों ने नो किंग्स प्रदर्शनों में भाग लिया।*




# ईरान युद्ध से गुस्सा : ट्रंप के खिलाफ यूएस से यूरोप तक 'नो किंग्स' बगावत

एजेंसी ▶▶| दुबई/सेंट पॉल

अमेरिका और यूरोप के इलाकों में शनिवार को 'नो किंग्स' रैलियों में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर ईरान युद्ध और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाइयों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की ▶▶|शेष पेज 4 पर

- ईरान से भिड़ने ट्रंप ने मिडिल ईस्ट भेजे करीब 2500 सैनिक
- ईरान ने सऊदी अरब में तबाह किया अमेरिका का एयरक्राफ्ट

**अमेरिका के 3300 से अधिक शहरों में प्रदर्शन, सड़कों पर 80 लाख से अधिक लोग**

**इन देशों में विरोध प्रदर्शन**

अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए। इन आयोजनों का नेतृत्व कर रहे संगठन 'इंडिविजिबल' के सह-कार्यकारी निदेशक एज्रा लेविन के अनुसार, लोकतांत्रिक देशों में लोग इन प्रदर्शनों को नो टायरंट्स यानी कोई तानाशाह नहीं के नाम से जानते हैं। रोम में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के विरोध में बैनर भी लहराए।

### ईरान युद्ध पर फूटा गुस्सा

वॉशिंगटन डी.सी. के लिंकन मेमोरियल पर जुटी भीड़ में शामिल कैथरीन अर्नोल्ड ने राष्ट्रपति ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद ड्राफ्ट डोजर यानी सेना से बचने वाले रहे हैं। हमारे बच्चों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। इस प्रदर्शन में शामिल कारिना कागान ने ईरान युद्ध को एक मूर्खतापूर्ण और अहंकारी युद्ध बताया।




### 2,500 मरीन सैनिक पश्चिम एशिया क्षेत्र में पहुंचे

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं। इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के कम से कम 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

### जंग रोकने महामंथन, जुटे चार देशों के विदेश मंत्री

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण तनाव और युद्ध को शांत करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में रविवार को एक बेहद अहम 'चतुर्भुज परामर्श' बैठक हुई। दो दिनों तक चलने वाली इस खास मीटिंग में पाकिस्तान के साथ सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री शामिल हुए। बैठक के उद्घाटन के अवसर पर चारों देशों के नेताओं ने तस्वीर के लिए पोज दिया, जिसे इस संकट की घड़ी में एक बड़ी कूटनीतिक एकजुटता के तौर पर देखा जा रहा है। इस पूरी चर्चा का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग को रोकना और बातचीत का कोई रास्ता निकालना है। पाकिस्तान इस पूरे संकट में एक बिचौलिए की भूमिका निभा रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की।



**इस्लामाबाद पहुंचे प्रतिनिधि**

विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर पहुंचे। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

### ईरान के हमले से दो टुकड़ों में बंट गया अमेरिकी विमान

ईरान ने दावा किया कि उसने सऊदी अरब में स्थित अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले के दौरान एक अमेरिकी विमान को भारी नुकसान पहुंचाया है। खबरों के मुताबिक, ये हमले प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर हुए, जहां अमेरिका का ई-3 एयर वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम (एडब्ल्यूएसीएस) दूसरे डिफेंस सिस्टम के साथ तैनात था। ईरान के हमले में यह विमान दो टुकड़ों में बंट गया और उसका पूरा ढांचा तबाह हो चुका है, सिर्फ अगला और पिछला हिस्सा बचा हुआ है।



# नक्सलमुक्त भारत पर लोकसभा में आज चर्चा!

### सरकार के प्रयासों पर संसद में चर्चा, सरकार देगी जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त करने के प्रयासों पर चर्चा होगी। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा दी गई 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले यह चर्चा होगी। लोकसभा सचिवालय ने 'देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों' पर नियम 193 के तहत सोमवार को चर्चा सूचीबद्ध की है, जिसके अंतर्गत मतविभाजन नहीं होता है। इस नियम के तहत अल्पकालिक चर्चा के लिए सरकार को जवाब देना आवश्यक है। इस चर्चा की शुरुआत तेदेपा सांसद बायरेड्डी शबरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 10,000 से अधिक माओवादियों ने डाले हथियार

सुरक्षाबलों के दबाव व पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं। नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना।

### इधर, मुठभेड़ में मारा गया 5 लाख का इनामी नक्सली

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के पोलमपल्ली इलाके में सुबह पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का एक इनामी नक्सली मारा गया। यहां माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी सर्च ऑपरेशन चला रही थी। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि थाना पोलमपल्ली अन्तर्गत जंगल पहाड़ी में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान 29 मार्च को सुबह से डीआरजी की टीम और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई। मुठभेड़ स्थल का सर्च करने पर 1 पुरुष माओवादी का शव हथियार सहित बरामद हुआ है। मारा गया नक्सली मुचाकी कैलाश पूलनपाड़ थाना चिंतलनार का निवासी था। उसका रैंक प्लाटून नं 31 सेक्शन कमांडर पीपीसीएम व उस पर 5 लाख का इनाम घोषित था। वह नागरिक हत्याएं, हमले, आईइडी ब्लास्ट की साजिश में ▶▶|शेष पेज 4 पर

*कैदी को विशेष सुविधाएं प्रदान करने का मामला*

# केंद्रीय जेल में मोबाइल से बात, प्रहरी सेवा से बर्खास्त

- आधे घंटे में तीन बार खुला गेट, सुरक्षा में लापरवाही आई सामने



जेल वार्ड में कैदी को घर का खाना, मोबाइल फोन!

**हरिभूमि फॉलोअप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

केंद्रीय जेल अधीक्षक ने एक जेल प्रहरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जेल अधीक्षक ने यह कार्रवाई जेल वार्ड से वायरल हुए वीडियो के बाद की है, जिसमें प्रहरी मोबाइल फोन पर बात करते नजर आ रहा है। इसके साथ ही एक साथ मौके पर दो अटेंडर मौजूद है और नियम विरुद्ध बाहर से सामान अंदर पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 4 पर

**की गई है कार्रवाई**

प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। इसके साथ ही अटेंडर को बार-बार आने जाने की अनुमति नहीं है। एक साथ दो अटेंडर की इजाजत नहीं थी और ना ही बाहर का खाना लेकर जाने की अनुमति दी। जेल वार्ड में सुरक्षा में भारी चूक की गई इसलिए एक प्रहरी को बर्खास्त किया गया है। मामले की जांच चल रही है।

**अक्षय सिंह राजपूत,** जेल अधीक्षक

**गड्ढे में गिरने के बाद कार जली**

# कार में आग, परिवार के तीन सदस्य जिंदा जले

एजेंसी ▶▶| बालाघाट

मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गड्ढे में गिरने के बाद आग लगने से उसमें सवार एक बच्चे सहित एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि उनके दो रिश्तेदार गंभीर रूप से झुलस गए। बैहर थाना प्रभारी (एसएचओ) जयंत मस्कोले ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार देर रात बैहर-मालाजखंड मार्ग पर केलवारी चौराहे के पास हुई।



**राहगीरों ने की मदद**

कुछ राहगीरों ने दुर्घटना को देखा और जलती हुई कार की खिड़की के शीशे तोड़कर उसमें सवार तीन लोगों को बचा लिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, वे तीन लोगों को बचा नहीं सके क्योंकि आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी।

**सप्ताह में तीन दिन होगा संचालन, 55 मिनट में पूरा होगा सफर**

**जगदलपुर से रायपुर आने का किराया 35 सौ, जाने का फेयर 4167**

# दो साल बाद लौटेगी अलायंस एयर की जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट, कल पहली उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

यात्रियों के अभाव की वजह से दो साल पहले बंद हुई अलायंस एयर की जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट 31 मार्च से ट्रेक पर लौटेगी। सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होने वाली यह फ्लाइट 55 मिनट में अपनी यात्रा पूरी करेगी। पहली फ्लाइट में जगदलपुर से रायपुर आने का किराया लगभग 3500 और वापसी का फेयर 4167 रुपए है। यह फ्लाइट हैदराबाद से शुरू होकर जगदलपुर, फिर रायपुर के बीच आवाजाही करेगी। अलायंस एयरलाइंस उड़ान ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आगमन 10.30 वापसी 2.25 बजे

जानकारी के अनुसार, अलायंस एयर की फ्लाइट हैदराबाद से सुबह जगदलपुर पहुंचेगी। वहां से सुबह 9.35 बजे उसकी उड़ान शुरू होगी और 10.30 बजे रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर खत्म होगी। वापसी के दौरान फ्लाइट रायपुर से दोपहर 2.25 बजे उड़ान भरने के बाद 3.20 बजे जगदलपुर में लैंड होगी। जगदलपुर से फ्लाइट अपने अगले गंतव्य हैदराबाद के लिए रवाना हो




### रीवा का हवाई किराया 47 सौ के पार

रायपुर से मध्यप्रदेश के रीवा के बीच उड़ान भरने वाली फ्लाइट को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। रायपुर से रीवा जाने का फेयर 47 सौ के पार होने लगा है। रीवा से आने का फेयर 41 सौ से कम है। रायपुर से रीवा के बीच पहली बार विमान सेवा का संचालन किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में विमानन कंपनी रायपुर से कुछ नए शहरों के लिए भी अपनी विमान सेवा प्रारंभ कर सकती है।

# कांग्रेस ने जारी किया असम के लिए घोषणा पत्र

# असम की जनता को 'अली बाबा और 40 चोरों' को रोकना होगा : खड़गे

## डबल धोखा और डबल भ्रष्टाचार की सरकार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

असम की सियासत में बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्य की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए मतदाताओं से बदलाव की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस बार असम की जनता को "अली बाबा और 40 चोरों" को रोकना होगा। खड़गे ने कहा कि "अली बाबा दिल्ली में बैठा है और उसके 40 चोर जगह-जगह फैले हुए हैं", जिन्हें जनता अपने वोट से रोकेगी। इस दौरान कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र भी जारी किया।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर कुशासन और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि "डबल इंजन" का वादा करने वाली सरकार अब "डबल धोखा" और "डबल भ्रष्टाचार" की सरकार बन चुकी है। खड़गे ने जनता से सवाल किया कि क्या वे ऐसे इंसान को वोट देंगे जो धोखा देता है, झूठ बोलता है, जमीनें चोरी करता है, दूसरों का पैसा हड़पता है और जिसका परिवार करप्शन में लिप्त है।



खड़गे ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने असम में भ्रष्टाचार का जाल फैला दिया है, जहां हर जगह केवल रिश्वतखोरी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है, असम में डबल इंजन की सरकार है, लेकिन असलियत में ये डबल लूट की सरकार है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने असम और नॉर्थ ईस्ट के लिए बहुत काम किया है लेकिन नरेंद्र मोदी और हिमंत ने जनता के लिए काम नहीं किया, जनता से विश्वासघात किया।

**असम में फैला हुआ है भ्रष्टाचार का जाल**

### कांग्रेस की प्रमुख गारंटियां

- महिलाओं के बैंक खातों में बिना शर्त कैश ट्रांसफर
- महिला उद्यमियों के लिए 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता
- हर परिवार को 25 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा
- स्व. जुबिन गर्ग के मामले में 100 दिन के अंदर न्याय होगा
- 10 लाख "खिलोंजिया भूमिपुत्रों" को स्थायी भूमि पट्टा
- बुजुर्गों के लिए 1,250 मासिक सहायता

---

तमिलनाडु

# टीवीके प्रमुख लड़ेंगे दो जगह से, उम्मीदवारों की सूची जारी



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अभिनेता विजय खुद दो सीटों पेरम्बूर और त्रिची पूर्व की दो सीटों से से चुनाव लड़ेंगे। विजय जिन दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं - पेरम्बूर और त्रिची पूर्व - उन पर वर्तमान में डीएमके का कब्जा है। पेरम्बूर से आर.डी. शेखर और त्रिची पूर्व से इनिगो एस. इरुदयाराज विधायक हैं। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए विजय ने जनता से टीवीके को एक मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाताओं को उनके और अन्य टीवीके उम्मीदवारों के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।

### स्टालिन से होगा वीएस बाबू का मुकाबला

टीवीके ने कोलातुर सीट से वीएस बाबू को उतारा है, जो मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। वहीं, चेपॉक सीट पर सेल्वम को मैदान में उतारा है, जहां उनका मुकाबला उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन से होगा।

### सीटों के चयन को लेकर सामने आया कांग्रेस का अंतर्विरोध, सांसद ज्योतिमणि ने जताई नाराजगी

*चेन्नई। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का अंतर्विरोध खुलकर सामने आ गया है। करूर से कांग्रेस सांसद एस. ज्योतिमणि ने राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत कांग्रेस की निर्वाचन क्षेत्र चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है और दावा किया है कि पार्टी के हितों से पूरी तरह समझौता किया गया है। कांग्रेस को तमिलनाडु में डीएमके-नेतृत्व वाले गठबंधन में 28 सीटें मिली हैं। ज्योतिमणि ने मीडिया पोस्ट में कहा यह देखकर बेहद दुख होता है कि कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत उन लोगों द्वारा बर्बाद की जा रही है जिन्होंने तमिलनाडु में पार्टी के विकास में जरा भी योगदान नहीं दिया है। यदि यह दृष्टिकोण जारी रहा तो कोई भी कांग्रेस को तमिलनाडु में बचा नहीं सकता। उन्होंने संकेत दिया कि वह इन घटनाक्रमों की मूक दर्शक नहीं बनी रहेंगी और उम्मीदवारों की सूची सार्वजनिक होने के बाद विस्तार से अपनी बात रखेंगी। इस बीच कांग्रेस नेता केवी थंगकाबालू ने कहा, जिन पार्टी नेताओं को शिकायतें हैं, वे हाई कमान के पास अपनी बात रखें। वहीं एआइसीसी डाटा एनालिटिक्स के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने एक्स पर कार्टून स्ट्रिप पोस्ट की। हालांकि कार्टून के साथ कोई टिप्पणी नहीं थी, लेकिन ऐसा लगता है कि यह तमिलनाडु कांग्रेस की आंतरिक गतिविधियों और सीट बंटवारे पर व्यंग्य है। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा।*

---

केरल | पीएम मोदी ने केरल के पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को किया संबोधित

# जो अब तक नहीं बदला, वह अब बदलेगा, केरल में बदलाव का संकेत

## भ्रष्ट और महाभ्रष्ट के बीच फंसा केरलम

एजेंसी ▶▶| पलक्कड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के पलक्कड़ में रैली को संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुझे केरलम में एक नई और अलग ऊर्जा महसूस हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि केरलम बदलाव का संदेश दे रहा है। एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता, बीजेपी के प्रति बढ़ता लोगों का विश्वास, आज आप सबका ये उत्साव और ये समर्थन, इतनी बड़ी संख्या में आप सबकी उपस्थिति... ये बता रहा है कि करेलम का मूड एक मोमेंट बन चुका है। उन्होंने कहा यह मोदी की गारंटी है। जो अब तक नहीं बदला, वह अब बदलेगा। अब केरल का विकास होगाकेरलम में बीजेपी-एनडीए सरकार तेजी से विकास करेगी। हम 'विकसित केरलम' बनाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा, केरलम दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक ओर एलडीएफ तो दूसरी ओर यूडीएफ, एक ओर कम्युनिस्ट तो दूसरी ओर कांग्रेस, एक भ्रष्ट तो दूसरी महाभ्रष्ट, एक सांप्रदायिक तो दूसरा महासांप्रदायिक।एलडीएफ और यूडीएफ की सारी नीतियां केवल वोटबैंक पॉलिटिक्स के लिए ही होती हैं। इन्हें केरलम के विकास की कोई परवाह नहीं है। अब मैं आपको भरोसा देता हूं कि यहां बनने वाली बीजेपी-एनडीए सरकार केरलम का तेज विकास करेगी, विकसित केरलम बनाएगी... ये मोदी की गारंटी है।



### यूडीएफ और एलडीएफ बना रहे बीजेपी को निशाना

पीएम मोदी ने कहा, यूडीएफ और एलडीएफ दोनों ही भाजपा को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि यह पार्टी उनके पिछले कुकर्मों का पर्दाफाश कर देगी। दशकों से, एलडीएफ और यूडीएफ बड़े-बड़े घोटालों में लिप्त रहे हैं, फिर भी उन्होंने कभी एक-दूसरे के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय, उन्होंने केवल खोखले बयान जारी करने का रास्ता चुना।

### कम्युनिस्ट और कांग्रेस चल रही जंग

पीएम मोदी कहा, आजकल, कम्युनिस्ट और कांग्रेस दोनों ने ही नए प्रचार अभियान शुरू किए हैं। कम्युनिस्टों का दावा है कि कांग्रेस, बीजेपी की बी टीम है। इस आपसी आरोप-प्रत्यारोप से यह संकेत मिलता है कि यूडीएफ और एलडीएफ दोनों ने ही परोक्ष रूप से यह स्वीकार कर लिया है कि केरलम में बीजेपी ही एकमात्र एकजुट टीम है।

### भाजपा पर बर्बाद न करें बेशकीमती वोट



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केरल विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा और सत्तारूढ़ एलडीएफ पर जोरदार हमला बोला है। थरूर ने मतदाताओं से अपील की है कि जो लोग राज्य से वामपंथी सरकार को हटाना चाहते हैं, वे भाजपा को वोट देकर अपना वोट बर्बाद न करें। थरूर ने मतदाताओं से बेहद सधे हुए अंदाज में एक खास अपील की। शशि थरूर ने कहा कि जिस पार्टी के पास विधानसभा में एक भी सीट नहीं है, उसे चुनाव में एक गंभीर फैक्टर के रूप में नहीं देखा जा सकता। उन्होंने दावा किया है कि 9 अप्रैल को एलडीएफ का भाग्य तय हो जाएगा और यूडीएफ की जीत का जश्न मनेगा। उन्होंने कहा कि जब वे शून्य सीट वाली पार्टी हैं, तो आप उन्हें एक मजबूत विकल्प या फैक्टर के तौर पर गंभीरता से नहीं ले सकते। वे दावा कर रहे हैं कि वे अपना खाता खोलेंगे, भले ही वे अधिकतम एक, दो या तीन सीटें जीत लें। लेकिन इतने भर से केरल के भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आने वाला नहीं है।

---

पश्चिम बंगाल

# भाजपा ने बंगाल को निशाना बनाया, हम दिल्ली को टारगेट करेंगे

एजेंसी ▶▶| दुर्गापुर

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंडाल में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए ममता ने कहा कि यह भाजपा के लिए 'मृत्युबाण' साबित होगा। ममता ने रघुनाथगंज में रामनवमी जुलूस के दौरान हुए विवाद को लेकर भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को हटाकर दंगा कराया गया, इसके लिए भाजपा और चुनाव आयोग दोनों जिम्मेदार हैं। ममता ने कहा कि भाजपा ने बंगाल को निशाना बनाया है, अब हमलोग दिल्ली को टारगेट करेंगे, संभाल लेना। ममता ने कहा कि बंगाल का सर्वनाश करने के चक्कर में भाजपा देश से जाएगी। बंगाल जीत कर हम लोग दिल्ली दखल के लिए देश के सभी राजनीतिक दलों को लेकर उतरेंगे। यह (भाजपा) सर्वनाशी दल है, इन्हें रखा नहीं जा सकता। आगे कहा कि वह अमार बांग्ला कहते हैं, जिन्हें हमारे महापुरुषों की सही जानकारी तक नहीं है। भाजपा ने बंगाल की चुनी हुई मुख्यमंत्री से पावर छीन ली, राष्ट्रपति शासन जैसी स्थिति है।



**चुनाव आयोग को सुनाई खरी-खरी :** चुनाव आयोग पर निशाना साधते बनर्जी ने कहा कि यह भाजपा संचालित वैनिश कमीशन है, जिसने बंगाल पर अत्याचार करने के लिए 50 से 100 अधिकारियों को तमिलनाडु व अन्य राज्य भेज दिया है, ताकि बेनामी रुपया यहां आए। गुंडा प्रवेश करे, बुलडोजर चल सके, दंगा कर सके। एसआईआर प्रक्रिया पर उन्होंने कहा कि आज तक जनता को पता नहीं चल पाया है कि किसका नाम सूची में है और किसका नाम नहीं। ईवीएम की पहरेदारी करें मुख्यमंत्री ने सभा में लोगों से निवेदन किया वोट देने के समय केंद्रीय एजेंसी परेशान करे, कोई बूथ कब्जा की कोशिश करे तो विरोध करना। प्रचार के बाद एवं मतदान के बाद ईवीएम की रक्षा करना उनके रुपये पर बिक मत जाना, जो रुपये पर बिक जाता है, उसका चरित्र नष्ट हो जाता है।

### बंगाल में कांग्रेस का 'एकला चलो रे' दांव, मुर्शिदाबाद-मालदा में टीएमसी को लगेगा डेंट

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस बार एक दिलचस्प मोड़ देखने को मिल रहा है, जहां कांग्रेस ने लंबे समय बाद अकेले दम पर विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पार्टी का 'एकला चलो रे' का यह दांव खासतौर पर मालदा और मुर्शिदाबाद जैसे पारंपरिक गढ़ों में उसकी किस्मत आजमाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर यह धारणा मजबूत हुई कि लेफ्ट के साथ गठजोड़ ने कांग्रेस के जनाधार को कमजोर किया, खासकर उन इलाकों में जहां उसका परंपरागत प्रभाव रहा है। यही वजह है कि इस बार कांग्रेस ने सभी 294 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पिछले चुनावी आंकड़े कांग्रेस के लिए चिंता का विषय रहे हैं।

---

### बायोकॉन ने तांबे को सीईओ किया नियुक्त



नई दिल्ली। बायोकॉन लि. ने श्रीहास तांबे को कंपनी का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि एकीकृत बायोकॉन के पहले सीईओ के रूप में वह बायोसिमिलर्स और जेनेरिक दवाओं के संयुक्त मंच का नेतृत्व करेंगे। इससे कंपनी की बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता मजबूत होगी और वह वैश्विक बाजारों में प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा कर पाएगी। इसके अलावा, बायोकॉन ने बताया कि केदार उपाध्याय को मुख्य वित्त अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।

## केंद्रीय बैंक ने बैंकों के लिए खींची लक्ष्मण रेखा


# रुपए को डूबने से बचाने आरबीआई का इमरजेंसी एक्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुद्रा के मूल्य में आ रही ऐतिहासिक गिरावट ने भारतीय रिजर्व बैंक की नींद उड़ा दी है। शुक्रवार को रुपया पहली बार 94 रुपए प्रति डॉलर के स्तर के नीचे गिरा। रुपए को और ज्यादा टूटने से बचाने और सट्टेबाजी को रोकने के लिए आरबीआई ने अब कुछ सख्त कदम उठाए हैं।

आरबीआई ने विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने वाले अधिकृत बैंकों को एक कड़ा निर्देश जारी किया है। नए नियम के मुताबिक, बैंकों को दिन के अंत तक रुपए में अपनी 'ओपन पोजीशन' को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखना होगा। केंद्रीय बैंक ने साफ कर दिया है कि सभी कमर्शियल बैंकों को यह रोजाना लिमिट 10 अप्रैल तक हर हाल में लागू करनी होगी। इस लिमिट को आगे और भी घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

*नहीं रुकी गिरावट तो होगी और सख्ती : विशेषज्ञों का कहना है कि अगर रुपए में गिरावट जारी रहती है तो आरबीआई आगे और भी सख्त कदम उठा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रुपए को सहारा देने के लिए आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) का काफी इस्तेमाल किया है, जिससे उसकी हस्तक्षेप करने की क्षमता कुछ सीमित हो गई है।*





- बैंक डॉलर की बड़ी जमाखोरी या सट्टेबाजी नहीं कर पाएंगे

### जंग शुरू होने के बाद से रुपया 4 फीसदी गिरा

शुक्रवार को रुपया पहली बार 94 रुपए प्रति डॉलर के नीचे चला गया और करीब 1 फीसदी गिरा। अमेरिकी-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक इसमें कुल मिलाकर 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई है, जो आरबीआई के अक्टूबर में तय किए गए 70 डॉलर के अनुमान से काफी ज्यादा है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ा है और महंगाई व मुद्रा संतुलन बनाए रखना आरबीआई के लिए मुश्किल हो गया है।

### सुधार की उम्मीद

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, रुपया आने वाले समय में सुधरकर करीब 91 प्रति डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही, 10 साल के सरकारी बांड की यील्ड भी मौजूदा 6.83 प्रतिशत से घटकर करीब 6.65 प्रतिशत तक आ सकती है। यह सामान्य स्थिति आने में 2-3 महीने लग सकते हैं।

### चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका

एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था अभी स्थिर बनी हुई है, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें आगे भी देश के बाहरी संतुलन को प्रभावित करेंगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ सकता है और इसका असर आर्थिक विकास और महंगाई पर भी पड़ सकता है।

---

## राशिफल

**मेष** — आज आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। करियर में नई पहल और रचनात्मक कामों से सफलता मिलेगी। धन लाभ के योग हैं।

**वृष** — आदित्य मंगल योग से लाभ और तरक्की के संकेत हैं। धन आगमन प्रबल है, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंध मजबूत होंगे।

**मिथुन** — दिन व्यस्त रहेगा। कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। अनावश्यक खर्च न करें। प्रेम में उतार-चढ़ाव संभव।

**कर्क** — भावनात्मक संतुलन बनाए रखें। करियर में स्थिरता रहेगी, लेकिन नई योजनाओं में सतर्कता जरूरी। धन स्थिति सामान्य। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन खास रहेगा। करियर में अवसर और लाभ के मजबूत योग हैं। रचनात्मक कामों में सफलता मिलेगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन सुखमय।

**कन्या** — स्वास्थ्य और दिनचर्या पर ध्यान केंद्रित रहेगा। कार्य क्षेत्र में व्यावहारिक निर्णय फायदेमंद साबित होंगे। भावनात्मक रूप से संवेदनशील रहें।

**तुला** — संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनरशिप और बिजनेस में फायदा हो सकता है। करियर स्थिर, लेकिन यात्रा से थकान हो सकती है। धन स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक** — गुप्त मामलों में सावधानी बरतें। करियर में मेहनत से प्रगति होगी। धन लाभ के अवसर, लेकिन निवेश में जोखिम न लें। प्रेम संबंध गहरे होंगे।


**धनु** — यात्रा और उच्च शिक्षा से लाभ। करियर में नई जिम्मेदारियां आएंगी। परिवार में खुशहाली। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन थकान से बचें।

**मकर** — करियर और आर्थिक मामलों में स्थिरता। पुरानी योजनाएं पूरी हो सकती हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। अनावश्यक बहस से बचें।

**कुंभ** — सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। दोस्तों से मदद मिलेगी। करियर में छोटे बदलाव संभव। धन में वृद्धि के योग। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। वादे पूरे करें।

**मीन** — दैनिक कार्यों और जिम्मेदारियों में व्यस्तता रहेगी। योजना बनाकर आगे बढ़ें। धन स्थिति स्थिर, लेकिन खर्च नियंत्रित रखें। प्रेम संबंधों में संतुलन जरूरी।

## शब्द पहेली - 6180



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6179 का हल



## सूडोकु नवताल - 6190

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6189 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# अमेरिकी शेयर बाजार में मची खलबली, निवेशकों ने बेचे 9 अरब डॉलर के शेयर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी शेयर बाजार (वॉल स्ट्रीट) इस समय बड़े निवेशकों के भारी दबाव में नजर आ रहा है। पिछले हफ्ते की रिपोर्ट के मुताबिक, संस्थागत निवेशकों ने अमेरिकी इक्विटी मार्केट से करीब 9.3 अरब डॉलर की भारी निकासी की है।

- संस्थागत निवेशकों ने अमेरिकी इक्विटी बाजार से भारी निकासी की

यह बिकवाली पिछले पांच हफ्तों का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जो बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और निवेशकों के बीच सावधानी बरतने के संकेतों को साफ तौर पर दर्शाता है। पिछले तीन हफ्तों के दौरान इन्हीं निवेशकों ने बाजार में 12.6 अरब डॉलर की जोरदार खरीदारी की थी, लेकिन अचानक बदले मूड के बाद उन्होंने 11 अरब डॉलर के शेयर बेच डाले। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ग्लोबल इकोनॉमी में चल रही हलचल और ब्याज दरों को लेकर बने सस्पेंस की वजह से बड़े प्लेयर्स अब वेट-एंड-वॉच की मुद्रा में आ गए हैं और सुरक्षित ठिकानों की तलाश कर रहे हैं।

## वॉल स्ट्रीट इस समय बड़े निवेशकों के भारी दबाव में नजर आ रहा

### व्यक्तिगत शेयरों पर सबसे ज्यादा मार

बिकवाली का सबसे ज्यादा असर व्यक्तिगत शेयरों पर देखने को मिला है। पिछले हफ्ते इंडिविजुअल स्टॉक्स से करीब 8.3 अरब डॉलर का आउटफ्लो हुआ, जो साल 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद चौथी सबसे बड़ी निकासी मानी जा रही है। इसके अलावा, ईटीएफ से भी निवेशकों ने हाथ खींचे हैं और वहां से 1.1 अरब डॉलर निकाले गए हैं, जो पिछले 6 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। पिछले 16 हफ्तों के कुल आंकड़ों को देखें तो अब तक बाजार से 25.5 अरब डॉलर की भारी रकम बाहर जा चुकी है।



**अनिश्चितता के बीच किनारे हुए निवेशक :** मार्केट की इस मौजूदा स्थिति को देखकर साफ लग रहा है कि बड़े संस्थागत निवेशक अब किसी भी तरह का रिस्क लेने के मूड में नहीं हैं और साइडलाइन्स पर जा रहे हैं। 2008 के बाद की इस बड़ी बिकवाली ने विश्लेषकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि, हेज फंड्स की एंट्री से बाजार को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, लेकिन जब तक बड़े संस्थान दोबारा कॉन्फिडेंस के साथ वापस नहीं लौटते, तब तक अमेरिकी बाजार में उतार-चढ़ाव का यह दौर जारी रहने की संभावना है।

### हेज फंड्स ने दिखाई थोड़ी हिम्मत

*जहां बड़े संस्थान बाजार से बाहर निकल रहे हैं, वहीं हेज फंड्स का रुख थोड़ा अलग नजर आया। लगातार चार हफ्तों की बिकवाली के बाद हेज फंड्स ने बाजार में वापसी करते हुए 1.8 अरब डॉलर की चुनिंदा खरीदारी की है। इससे यह संकेत मिलता है कि मार्केट के कुछ हिस्सों में गिरावट के बाद अब हेज फंड्स को वैल्यू नजर आने लगी है। वहीं, रिटेल यानी छोटे निवेशकों की बात करें तो उन्होंने बाजार में अपना भरोसा बनाए रखा है और उनकी तरफ से केवल 80 मिलियन डॉलर की ही मामूली बिकवाली हुई है।*

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने तीन सरकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना



**मुंबई।** आरबीआई ने कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पाइन लैब्स पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये और पाइन लैब्स पर 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### जियो फाइनेंशियल की बीमा क्षेत्र में उतरने की तैयारी




**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाह उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है।

### पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे अधिक नुकसान




**नई दिल्ली।** कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 1.75 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 89,720.3 करोड़ रुपये घटकर 18,24,515.62 करोड़ रुपये रह गया।

### मांग बढ़ने से तेल-तिलहन में सुधार, मूंगफली स्थिर



**नई दिल्ली।** आवक कम रहने, डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह अधिकांश खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती दर्ज हुई और सरसों और सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं। ऊंचे दाम के कारण सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह संभवतः पहली बार हरियाणा में सोयाबीन तेल के मुकाबले सरसों का दाम नीचे है।

### बिहार सरकार बिजली पारेषण कंपनी करेगी सूचीबद्ध : सचिव




**नई दिल्ली।** बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। यह कदम राज्य की वृद्धि में जनता की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण है। बिहार के बिजली सचिव ने कहा पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र जारी किया है।'' बिहार राज्य बिजली पारेषण कंपनी लिमिटेड (बीएसपीटीसीएल) सूचीबद्ध होने वाली पहली सरकारी स्वामित्व वाली पारेषण कंपनी बनने जा रही है। इसे नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध कराने का प्रस्ताव है। सिंह ने कहा कि इस निर्गम का आकार मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के बाद तय किया जाएगा।

## दोनों जहाज 94,000 टन का एलपीजी कार्गो लेकर आ रहे

# भारत के दो एलपीजी जहाज एक दिन का रसोई गैस भंडार लेकर आ रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं। जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है।




- बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर 31 मार्च तक पहुंच जाएगा
- दूसरा बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर 1 अप्रैल तक पहुंचेगा
- इससे पहले चार एलपीजी टैंकर भारत सुरक्षित पहुंच चुके

### ईरान के अधिकारियों से भारत का समन्वय बना हुआ

अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि ''जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं।'' इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।

### शिवालिक व नंदा देवी ने 92,712 टन एलपीजी लाई

पाइन गैस और जग वसंत, जो 92,612 टन एलपीजी ला रहे थे, 26 मार्च और 28 मार्च के बीच भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचे। इससे पहले, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी, जो लगभग 92,712 टन एलपीजी ले जा रहे थे, क्रमशः 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह और 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पहुंचे थे।

### भारत 60 फीसदी आयात खाड़ी देशों से पूरा करता है

एक ऐसा देश के लिए जो अपनी रसोई गैस की जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत खाड़ी देशों से आयात से पूरा करता है, उसके लिए इन जहाजों का आना एलपीजी संकट को कम करने में मदद करेगा। भारत ने पिछले साल 3.31 करोड़ टन एलपीजी का उपभोग किया, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत मांग आयात से पूरी की गई। इसमें से 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से आया था। जलडमरूमध्य के 'बंद' होने के बाद भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से एलपीजी प्राप्त कर रहा है।

### खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज

*एक बयान में कहा गया, ''पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में कुल 18 भारतीय ध्वज वाले जहाज हैं जिनपर 485 भारतीय नाविक सवार हैं।'' मूल रूप से, पश्चिम एशिया में युद्ध के शुरू होने पर जलडमरूमध्य में 28 भारतीय ध्वज वाले जहाज थे। इनमें से 24 पश्चिम की ओर और चार पूर्वी दिशा में थे। पिछले कुछ दिन में पश्चिम दिशा से छह जहाज और पूर्व से दो जहाज सुरक्षित निकलने में सफल रहे हैं।*

### महानिदेशालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम कर रहा

एक और टैंकर जग प्रकाश जो ओमान से अफ्रीका तक पेट्रोल ले जा रहा था, वह भी तंजानिया की ओर जाने के दौरान सुरक्षित निकल चुका है। एलपीजी जहाज जग विक्रम, ग्रीन आशी और ग्रीन सान्वी अभी भी होर्मुज में हैं। एक खाली पोत को एलपीजी से भरा जा रहा है।पोत परिवहन महानिदेशालय का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम कर रहा है और अब तक 4,523 कॉल और 8,985 ईमेल संभाल चुका है। इनमें पिछले 24 घंटों में 92 कॉल और 120 ईमेल शामिल हैं।

# कच्चे तेल के दाम तय करेंगे घरेलू शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- रुपए और डॉलर के रुख की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार को करेगी प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी। शेयर बाजार मंगलवार को 'महावीर जयंती' और शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के मौके पर बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया।

### बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा, ''आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है। कच्चा तेल, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और भूराजनीतिक घटनाक्रम बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।''

# आवास बिक्री में तिमाही आधार पर 17 % की गिरावट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी एनारॉक ने जारी की रिपोर्ट

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च के दौरान शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़ी, जबकि पश्चिम एशिया संकट की वजह से बिक्री में सात प्रतिशत की गिरावट आई। तिमाही के दौरान इन सात शहरों में घरों की बिक्री बढ़कर 1,01,615 इकाई रही।

## एनएसई शुरू करेगा ब्रेंट कच्चे तेल में वायदा कारोबार




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार 'बीआरक्रूडऑयल' के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा, ''एक्सचेंज अपने सदस्यों को यह सूचित करते हुए खुशी महसूस कर रहा है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है। इस अनुबंध को पेश करने का उद्देश्य बाजार प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बेंचमार्क के अनुरूप हेजिंग के लिए माध्यम उपलब्ध कराना है।

# कैरेटलेन की 2026-27 में 40 नए स्टोर खोलने की योजना




एजेंसी ⏭ मुंबई

टाटा समूह समर्थित आभूषण ब्रांड कैरेटलेन की आगामी वित्त वर्ष में 40 स्टोर खोलने की योजना है। इनमें 10 प्रतिशत स्टोर कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी ने यह जानकारी दी। कैरेटलेन के प्रबंध निदेशक सौमेन भौमिक ने कहा, ''अभी हमारे लगभग 369 स्टोर हैं, और हमें अगले साल (2026-27) लगभग 40 स्टोर और जुड़ने की उम्मीद है। हालांकि, हम उन्हें खोलने में जल्दबाजी नहीं करेंगे। पहली तिमाही में, हम शायद स्टोर की संभावनाएं तलाशेंगे और दूसरी तिमाही में हम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विस्तार शुरू करेंगे। इन नए स्टोर में से लगभग 10 प्रतिशत कंपनी के स्वामित्व वाले होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा 369 परिचालन वाले स्टोर में से लगभग 13 प्रतिशत कंपनी के स्वामित्व वाले हैं। उन्होंने कहा कि यह विस्तार उत्तर, पूर्व और दक्षिण में ज्यादा होगा।

- टाटा समूह समर्थित आभूषण ब्रांड है
- कंपनी के अभी 369 स्टोर कार्यरत

### कोष आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा

भौमिक ने कहा कि इन स्टोर के विस्तार के लिए जरूरी कोष आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा। हालांकि, उन्होंने इसके लिए कुल पूंजीगत खर्च का ब्योरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व 3,983 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में हम इसमें ऊंची दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

# संघर्ष लंबा खिंचने पर प्रभावित क्षेत्रों को सरकार दे सकती है राहत पैकेज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- एमएसएमई क्षेत्र के लिए और पैकेज ला सकती है
- पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कटौती जैसे कदम उठा चुकी सरकार

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े। साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं। पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है, साथ ही भविष्य की जरूरतों के लिए संसाधन भी तैयार करने होंगे।

### खर्च की प्राथमिकता नए सिरे से तय करनी होगी

नागेश्वरन ने शनिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि संकट को देखते हुए हमें खर्च की प्राथमिकता नए सिरे से तय करने और प्रभावित कारोबारी क्षेत्रों और परिवारों को लक्षित राहत प्रदान करने की जरूरत है।

# विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकाले 1.14 लाख करोड़

- एफपीआई की भारतीय बाजार में सबसे बड़ी मासिक निकासी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अब तक घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। यह एफपीआई की भारतीय बाजार से सबसे बड़ी मासिक निकासी है।

पश्चिम एशिया संघर्ष, कमजोर होता रुपया और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत की वृद्धि पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर विदेशी निवेशक आशंकित हैं, जिससे वजह से वे बिकवाली कर रहे हैं। इस महीने का एक कारोबारी सत्र अभी बचा है, जिससे निकासी का आंकड़ा और बढ़ सकता है। इससे पहले अक्टूबर, 2024 में एफपीआई ने एक महीने में सबसे अधिक 94,017 करोड़ रुपये की निकासी की थी।



एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही एफपीआई 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 1.27 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, 27 मार्च तक एफपीआई ने 1,13,380 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था। जो 17 माह का उच्चस्तर है। बाजार भागीदारों का कहना है कि एफपीआई वैश्विक आर्थिक प्रतिकूल परिस्थितियों और बढ़ी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितता के चलते बिकवाल बने हुए हैं।

कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव (छ.ग.)

-:: विज्ञापन :-

क्रमांक/6928/NRLM/संविदा नियुक्ति/2026 राजनांदगांव, दिनांक 27/03/2026

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंतर्गत जिला/विकासखण्ड स्तर पर रिक्त विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक के 2 पद, क्षेत्रीय समन्वयक के 9 पद, लेखापाल के 2 पद, कार्यालय सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर के 2 पद, लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के 2 पद तथा भृत्य के 1 पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव में अंतिम तिथि 17/04/2026 को कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

विज्ञापित पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन की प्रति, आवेदन पत्र का प्रारूप व विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय जिला पंचायत राजनांदगांव के सूचना पटल पर देखा जा सकता है तथा जिला राजनांदगांव की वेबसाईट rajnandgaon.nic.in से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत राजनांदगांव (छ.ग.)

सं. 47325

Office of The Superintending Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Project Circle Raigarh, Distt-Raigarh (C.G.)

-: e-Procurement Tender Notice :-

NIT No 152[1st] Call/Tender/CGRRDA/2026 Raigarh Date 27/03/2026

Superintending Engineer, CGRRDA, Project Circle Raigarh (C.G.) on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for construction of road under PMGSY (S.E.C.L. Deposit work) work for District of the state as per BOQ from the eligible Contractors/Firms registerd with unified registration system (e-registration) for the work mentioned below. Date of release of invitation for bids through e-procurement.

| No. | NIT. No | Work Name | Package No /Amount (Rs.in Lakh) | District | Category of Contractor | Rate invited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 152[1st] | Construcion Work Under PMGSY (S.E.C.L. Deposit work) | CG 13-DGH-06=755.89 **(Including Construction, Maintanance, GST)** | Raigarh | B & Above | Percentage rate of PMGSY SOR Date 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA, Raipur |

Availability of Bid Document and mode of submission :- The bid document is available online, should be submitted in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bid, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorised certifying authorities.

Detailed N.I.T. and other Details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from Date 02.04.2026, 5:00 PM & onwards. In future any releated corrigendum would be seen in the notice section of this website.

**(Sunil Namdeo)**
**Superintending Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle, Raigarh (C.G.)**

S-47322

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 175 वीरों की ....

हैं। कोंडागांव जिले में 40, बस्तर जिले में 41 तथा कांकेर जिले में 94 जवानों की शहादत इस संघर्ष की गंभीरता और सुरक्षा बलों के समर्पण को दर्शाती है।
कोण्डागांव जिले के विश्रामपुरी थाना व गोलावण्ड में ईवीएम लूटने किया था बड़ा हमला
25 नवम्बर 2008 को कोयलीयेड़ा, केशकाल, माड़, वारदा, धुरघाट, किसकोड़ो, कोरर एलओएस के करीब 100 की संख्या में नक्सलियों ने सुमो, छोटी कार, बाईक से आकर बम ब्लास्ट और अंधाधुंध फायरिंग कर थाना विश्रामपुरी में हमला किया गया। नक्सलियों द्वारा थाना भवन के रिकार्ड को जलाकर क्षति पहुंचाया गया। इस हमले में एएसआई शोभाराम साहू, प्रधान आरक्षक मुरलीधर तिवारी व शिवकुमार शर्मा शहीद हो गए थे।

**शहीद जवान बस्तर-**
नक्सल साम्राज्य को समाप्त करने में बीते 35 वर्ष में सैकड़ों जवानों ने देश के लिए अपनी शहादत दी। बस्तर जिले मे इन वर्षों में शहीद हुए जवानों में जिला बल के लैखन सेठिया, डिगेश्वर शांडिल्य, अनंत राम नाग, निरीक्षक महेंद्र ध्रुव, उमेश कुमार कुंजाम, चैतराम ठाकुर, उमेश ठाकुर, नरेंद्र कुमार साहू, निरलेश कुमार ठाकुर, इमानुएल केरकेट्टा, पात्रिक खलखो, चंद्रहास ध्रुव, राहुल प्रताप सिंह, पवन कोंड्रा, तरुण देशमुख, दीपक उपाध्याय, अशोक कुमार, प्रफुल्ल शुक्ला, सियाराम, लव कुमार भगत, कृष्णपाल सिंह, मनारूराम बेंजाम, बेंजामी हांदो, जलनू पोडियामी, भीमा कवासी, सन्नू सोढ़ी, बुधराम कवासी व नेवरू राम बेंजाम के अलावा सीआरपीएफ के डिप्टी कमाण्डेंट दिवाकर महापात्र के अलावा सुनीलदेव वर्मा, एलके कोरा, नवीन झा, विवेक कुमार यादव, दिलीप चतरौली, धर्मेश्वर नाथ, प्रवीण पी, इसंपेक्टर एनके राय, जे कांतिभाई, एम ओबालेसु, सीताराम व धीरज कुमार सिंग शामिल है।

**शहीद जवान जिला कोण्डागांव-**
कोण्डागांव जिले में शहीद हुए जिला बल सब इंसपेक्टर इल्फोर टोप्पो व प्लाटून कमाण्डर दयाशंकर वाजपेयी के अलावा ददोली प्रसाद, रामेश्वर, तुलाराम, सुखचंद साहू, राजेन्द्र नायक, अखिलेश सरोज, धनराज ध्रुव, शिव प्रकाश नेताम, खिलावन कोकिला, ललित दीवान, खगेन्द्र कश्यप, रूपधर सोरी, सुन्दर नेताम, अनिल कुमार देंवागन, शोभाराम साहू, मुरलीधर तिवारी, शिवकुमार शर्मा, श्रीराम कोरोम, महिपाल चौहान, लक्ष्मी नारायण राठिया, हीरालाल नेताम, अलफुन्स एक्का, गणेश राम नेताम, सुरेश शोरी, सुखलाल दीवान, नेल्सन मिंज, कमल यादव, रतनलाल नेताम, अफजल खान, लखेश वैद्य, संजय कुमार मण्डावी, प्रेमकुमार प्रजापति, पुष्पराज सिंह, रामप्रसाद नेताम, जितेन्द्र चतुर्वेदी, कृष्णनाथ किण्डो व दिनेश सिंह मण्डावी शामिल है।

**वीर शहीदों का साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा हमारी प्रेरणा-**
कोंडागांव, बस्तर और कांकेर जिलों में शांति, सुरक्षा और विकास की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों के वीर जवानों ने दुर्गम जंगलों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और निरंतर चुनौतियों के बीच अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। इन वीर शहीदों की शहादत बस्तर अंचल में स्थायी शांति, जनविश्वास और विकास की मजबूत नींव है। वीर जवानों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा ने क्षेत्र के आम नागरिकों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोंडागांव, बस्तर और कांकेर की धरती इन अमर बलिदानों की साक्षी है जिन्होंने हिंसा और भय के स्थान पर शांति और प्रगति की नई राह प्रशस्त की है। शहीदों का यह सर्वोच्च त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि उनके बलिदान को स्मरण रखते हुए क्षेत्र में शांति, विकास और जनकल्याण के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाया जाए।
सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर।

### बस्तर के झीरमघाटी...

घात लगाए नक्सलियों ने अधांधुध फायरिंग एवं बम ब्लास्ट किया। इस हमले में कांग्रेस पार्टी के 17 नेताओं की मृत्यु हुई थी वहीं 10 पुलिस कर्मी शहीद हुए वहीं। 26 जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा 9 पुलिस कर्मी घायल हुए थे।

### कांकेर जिले के...

जवान शहीद हो गये जबकि 18 जवान घायल हो गये थे। एक अन्य घटना 14 जनवरी 2009 को नक्सलियों ने पीव्ही 34 एवं पंचागी के बीच को दिया। मकर संक्राति मेला पखांजूर मे वीआईपी के प्रवास को देखते हुए रोड ओपनिंग, एरियां डॉमिनेशन के लिए रवाना हुई थी।। इसी दौरान पुलिस पार्टी पर हत्या करने की नियत से फायरिंग किया गया। उक्त घटना में जिला बल के प्रधान आरक्षक तुलसी राम कोरोम आरक्षक रघुराज कुशवाह शहीद हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली शहीद जवानों के हथियार लूटकर ले गये इसके साथ ही एक महिला आरक्षक का हथियार के साथ अपहरण कर ले गए। इसके अलावा नक्सलियों ने आगजनी करते हुए तीन बाईक को भी आग के हवाले कर दिया था।

### 2011 में नेतनार...

द्वारा बम विस्फोट कर फायरिंग की गई इस हमले में थानेदार समेत 6 जवान शहीद हो गए तथा 3 जवान घायल हो गए थे।

### शहीद जवान कांकेर...

नेताम, अजय कुमार शर्मा, मनेराम नरेटी, बृजलाल तेता, तुलसी राम कोर्राम, रघुराज सिंह कुशवाह, चंद्रहास नेताम, अश्विन कुमार उइके, राजेश कुमार गुनेंद्र, हेमंत सोम, यशवंत साहू, महेंद्र कुमार साहू, टेमन सिंह ओटी, धर्मेंद्र साहू, संतोष नेताम, राधेश्याम नागवंशी, कौशल किशोर तिवारी, अमृत कुमार नेताम, कुंवर लाल नरेटी, रोहित उर्फ धनेश, विष्णु लेडिया, उमेंद्र कोमरा, शिवकुमार मंडावी, वासुदेव ध्रुव, अंजोर सिंह यादव, दिलीप सिन्हा, संतोष कुमार एक्का, अलीराम उसेंडी, श्याम लाल वड्डे, दुर्गूराम आंचला, अविनाश शर्मा, सोनूराम गावड़े, बैजू राम पोटाई, संत कुमार नेताम, मोहित पटेल, सुकलू दुग्गा व रमेश कोरेटी शामिल है।

### कोंडागांव पेट्रोल...

एवं ईव्हीएम लूटने की नियत से बारूदी विस्फोट कर अंधाधुंध फायरिंग किया। इस हमले में 7 जवान शहीद हो गए थे।

### जीएसटी 2.0 से मिली...

को सतत रूप से चलाए रखने में परेशानी आने की आशंका पैदा हो रही है। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी व्यवस्था को देश का सबसे बड़ा कर सुधार माना जाता है। इसके बाद जीएसटी 2.0 में कर दरों में कमी और प्रक्रियाओं को आसान किया गया है, जिससे व्यापार और आम लोगों को राहत मिली है। नए सुधारों के बाद देश के जीएसटी कलेक्शन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिसंबर 2025 में देश का कुल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रहा, जो पिछले साल से 6.1 प्रतिशत अधिक है। वहीं जनवरी 2026 में यह बढ़कर 1.93 लाख करोड़ पहुंच गया, जो 6.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

### अंबिकापुर से दिल्ली-...

पहुंचेगी, वहां से 10.50 बजे रवाना होकर 11.35 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। इसके बाद यही फ्लाइट दोपहर 12.05 बजे अंबिकापुर से उड़ान भरकर 2.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। बुधवार को सुबह 7.50 बजे दिल्ली से सीधी फ्लाइट उड़कर 10.25 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी, फिर 10.50 बजे अंबिकापुर से निकलकर 11.35 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और वहां से 12.00 बजे उड़कर 2.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। अंबिकापुर से कोलकाता के लिए भी हफ्ते में दो दिन फ्लाइट चलेगी। शनिवार को सुबह 7.05 बजे कोलकाता से फ्लाइट उड़ान भरकर 8.55 बजे बिलासपुर पहुंचेगी, फिर 9.20 बजे वहां से रवाना होकर 10.00 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। इसके बाद 10.25 बजे अंबिकापुर से उड़कर 12.15 बजे कोलकाता पहुंच जाएगी। वहीं गुरुवार को सुबह 7.05 बजे कोलकाता से सीधी फ्लाइट उड़कर 8.50 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी, फिर 9.15 बजे अंबिकापुर से निकलकर 9.55 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और वहां से 10.20 बजे उड़कर 12.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

### ईरान युद्ध से...

गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत "स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस" प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए।

### नक्सलमुक्त भारत पर...

और शिवसेना सदस्य श्रीकांत शिंदे करेंगे। हाल में केंद्र सरकार द्वारा नौ राज्यों (जिनमें 38 जिले शामिल हैं) के साथ मिलकर एलडब्ल्यूई से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना की व्यापक समीक्षा की गई। ये राज्य झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल हैं।

**एक साल में 361 नए सुरक्षा शिविर -**
देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले साल में 361 नए सुरक्षा शिविर स्थापित किए गए। नक्सल उन्मूलन अभियान को मजबूत करने के लिए 68 ऐसे हेलीपैड बनाए गए हैं, जहां रात में भी हेलीकॉप्टर उतर सकते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वर्ष 2013 में जहां नक्सली घटनाएं 76 जिलों के 330 थानों में दर्ज की जाती थीं, वे घटकर जून 2025 तक केवल 22 जिलों के 52 थानों तक सीमित हो गईं। अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में शासन व्यवस्था कमजोर थी और माओवादियों ने अपना दबदबा बनाया हुआ था, वहां सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने लगा।

### इधर, मुठभेड़ में ...

वांटेड था। इधर पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टलिंगम ने एक बार फिर अपील की है कि माओवदी हिंसा के मार्ग को त्यागें और समाज की मुख्यधारा में लौटकर शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की शुरूआत करें। उन्होंने कहा कि माओवादी कैडरों के सामने आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर अब अंतिम चरण में है। इसे अपनाने के लिए उनके पास सीमित समय शेष है। माओवादी कैडर इस अवसर का समझदारी से लाभ उठाएं।

### केंद्रीय जेल में...

की जाएगी। बता दें कि 28 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड का वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो में जेल वार्ड में नियमों को ताक पर रखकर एक कैदी को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थी। जेल वार्ड में अंदर मोबाइल फोन का उपयोग किया जा रहा था। कैदी के साथ एक से अधिक अटेंडर मौजूद थे। इस घटना की शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय जेल के अधीक्षक अक्षय सिंह राजपूत भी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि जेल में दो सुरक्षा गेट है, लेकिन बाहर वाले गेट का ताला खुला हुआ था। ऐसे में तात्कालिक रूप से जेल अधीक्षक ने दो प्रहरियों जय प्रकाश कुजूर और लोकनाथ निषाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही थी। जांच में यह बात सामने आई कि 3 वर्ष के कारावास के सजायाफ्ता कैदी 62 वर्षीय हरबख्श सिंह छाबड़ा को मनेंद्रगढ़ से 12 नवम्बर 2025 को भेजा गया था। इसके बाद बीमारी के कारण केंद्रीय जेल अस्पताल के डॉक्टर ने 23 मार्च को उपचार के लिए कैदी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था और कैदी को अस्पताल के जेल वार्ड में रखा गया था। इस दौरान चिकित्सक दवारा कैदी के नित्य क्रिया के लिए आने जाने हेतु एक अटेंडर दिए जाने की शिफारिश की गई थी, जिसके बाद जेल अधीक्षक ने एक बार में एक अटेंडर की अनुमति दी गई थी लेकिन बाहर का भोजन पानी अलाऊ नहीं किया गया था। इसके साथ ही वायरल वीडियो में नजर आ रह अहै कि जेल प्रहरी मोबाइल फोन पर बात कर रहा है और एक साथ दो दो अटेंडर मौजूद है। आधे घंटे के अंदर तीन बार जेल वार्ड का ताला खुला जबकि कैदी के परिजन को बार बार आने जाने की अनुमति नहीं होती है। जेल वार्ड की सुरक्षा में लापरवाही पर जेल अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से प्रहरी जय प्रकाश कुजूर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है।

### दो साल बाद...

योजना के तहत रीजनल कनेक्टिविटी के लिए फ्लाइट का संचालन कर रही है। उसके द्वारा कुछ समय पहले दिल्ली-रीवा-रायपुर को हवाई मार्ग से कनेक्ट किया गया था। इसके बाद कंपनी अपनी विमान सेवा के माध्यम से जगदलपुर-रायपुर को फिर से वायुमार्ग से जोड़ रही है। यह फ्लाइट 31 मार्च से सप्ताह में तीन दिन हैदराबाद से उड़ान भरकर जगदलपुर और रायपुर आएगी और उसी रुट से यात्रियों को लेकर वापस रवाना होगी। अलायंस एयर पहले भी इस रुट में अपनी सेवा दे चुकी है और यात्रियों का रिस्पांस नहीं मिलने की वजह से घाटे का हवाला देकर उसने फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया था। इस सेक्टर में उस दौरान इंडिगो ने भी अपनी फ्लाइट चलाई थी और एक साल बाद इसी वजह से उसने भी उड़ान से इंकार कर दिया था। जरूरतों और जनप्रतिनिधियों द्वारा काफी समय से दोनों शहरों के बीच विमान सेवा संचालित करने की डिमांड की जा रही थी। इस बीच लाई गई उड़ान योजना के तहत शासन स्तर पर मिलने वाली मदद के बाद न्यूनतम किराए पर इसका संचालन शुरू करेगी। यह फ्लाइट दोनों शहरों के बीच का सफर 55 मिनट में पूरा करेगी।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय : शाम 6 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें: कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** सेनेटरी, टाइल्स दुकान में कार्य हेतु मेहनती, होशियार दो लड़कों की आवश्यकता है। पता- जय श्रीकृष्ण ट्रेडर्स, अशोक जनरल स्टोर्स के पास, त्रिवेणी भवन मार्ग, जोन-2, व्यापार विहार बिलासपुर 9425219302 **(40387)**

**आवश्यकता है-** रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए इंडियन कुक, हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार केवल अनुभवी ही सम्पर्क करें- तृप्ति भोजनालय मंगला चौक बिलासपुर 8319529383 **(40391)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में साफ सफाई, डस्टिंग, झाड़ू, रैक साफ करने एवं माल निकालने हेतु पार्ट टाइम/फुल टाइम लड़के, लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सीज, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर **(40223)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- नूतन इलेक्ट्रॉनिक जनरेटर फर्स्ट फ्लोर निगम कॉम्प्लेक्स देवकीनन्दन स्कूल चौक के पास तिलक नगर बिलासपुर 9826677626, 9827188163 **(40388)**

**आवश्यकता है-** न्यू हाई कोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाला व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9669211111, 9827175811 **(40389)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्समैन एवं दुकान में कार्य हेतु लड़के की। वेतन अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- 11बजे से शाम 5बजे, शारदा मेडिकल एजेन्सी 35,36 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(40390)**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग के लिए लड़कियों की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 10बजे से 5बजे तक, वेतन 7000, सम्पर्क करें- अकैडमी गांधी चौक, बिलासपुर 9685597971 **(1491)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल दुकान में काम करने के लिए पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- पाल मेडिकल स्टोर्स, बुधवारी बाजार बिलासपुर 6260736685 **(1492)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम सामान लोडिंग अनलोडिंग हेतु मेहनती, जिम्मेदार व्यक्ति एवं ड्राइवर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- श्रीशारदा इन्टरप्राइजेस काली मन्दिर के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 7869919759 **(40384)**

**आवश्यकता है-** फर्नीचर शॉप में काम करने के लिए लड़कों एवं फर्नीचर कारपेन्टर मिस्त्री की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9300671120 **(40386)**

**आवश्यकता है-** शोरूम में काम करने हेतु सेल्स मेन की आवश्यकता है वेतन 5 अंकों में। सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स सदर बाजार गोंड पारा बिलासपुर (छ.ग.) **(40371)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी PRO (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) फील्ड वर्क अनुभवी, आया बाई (नाईट में) बिलासपुर हेतु, X-RAY टेक्नीशियन सरगांव हेतु। सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पीटल महामाया चौक, रतनपुर रोड, लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 7470946314 **(40381)**

**आवश्यकता है-** अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, ओटी असिस्टेंट, रिसेप्शनिस्ट चाहिए। सम्पर्क करें- मिश्रा बोन एण्ड ज्वाइंट केयर, पल्लव भवन के बगल में, रिंग रोड नं.-2 गौरव पथ, बिलासपुर 9130083788 **(40383)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरा का कार्य करने हेतु दुकान में ईमानदार लड़के की शीघ्र आवश्यकता है पता- Cyber Soft, गांधी चौक, बिलासपुर सम्पर्क करें- 9039246656 **(40382)**

**आवश्यकता है-** प्रिंटिंग युनिट हेतु कोरल ड्रा डिजाइनर 2 पद, ऑफिस ब्वॉय 3 पद एवं बाईन्डर 2 पद की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष काम्पलेक्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 **(40373)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर सीपत रोड स्थित शादी भवन के सम्पूर्ण मैनेजमेंट हेतु 2 से 3वर्ष अनुभवी नशा मुक्त शिक्षित ऑल राउंडर व्यक्ति चाहिए। सपरिवार आवास सुविधा। सम्पर्क करें- 7999043732, 7000799879, 9993450848, 9752777077 **(40370)**

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने के वाले चाहिए। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937 **(40372)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर दुकान में कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- सुबह 11 बजे से कम्प्यूटर सर्विस लाइन, इन्दू चौक बिलासपुर 9977298333 **(40374)**

**आवश्यकता है-** हाउस कीपिंग स्टाफ, किचन में बर्तन धोने) (नाइट शिफ्ट) में पुरुष/ महिला चाहिए वेतन- 9000 से 15000 पता- होटल विस्तारा SBI के ऊपर, तिफरा, काली मंदिर के पास, बिलासपुर 9407614501 **(40375)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु लड़को की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति दुकान आकर मिलें- अनन्त मेडिकल स्टोर जयदुर्गा भोजनालय बाजू में जिला अस्पताल के पास पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9421732836 **(40376)**

**आवश्यकता है-** संजय बैग्स बैग्स AC Show Room में काम करने के लिए सेल्समैन और हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है पता- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827114449 **(40369)**

**आवश्यकता है-** घर में रहकर घरेलू खाना बनाने के लिए अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है सम्पर्क करें 9827195555 **(0297)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर जानकार स्टोर कीपर (लड़के), फील्ड हेतु मेहनती (लड़के), ऑफिस, साइड विजिट, मार्केटिंग हेतु (लड़के), टेलीकॉलिंग हेतु (लड़कियां) चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- एस.एस. एनर्जी इंटरप्राइजेस बिलासपुर 9827475898, 8234078440 **(1490)**

**आवश्यकता है-** ऑन रोल फूड डिलीवरी बॉय चाहिए। वेतन+ इंसेंटिव, स्वयं की बाइक, वैध लाइसेन्स बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- साईं निवास कॉम्पलेक्स, फर्स्ट फ्लोर, जेजे हॉस्पीटल के समीप, तोरवा, बिलासपुर 7000110166, 9340256058 **(40366)**

**आवश्यकता है-** लोरमी, मुंगेली, तखतपुर, पथरिया, कोटा क्षेत्र में सोलर पैनल के प्रचार प्रसार करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार+ कमीशन सम्पर्क करें- प्रो सोलर एनर्जी कम्पनी बिलासपुर 7879298498 **(40365)**

**आवश्यकता है-** दो कर्मचारी दुकान में सेल्स के कार्य हेतु एवं दो मिस्त्री गैस चूल्हा रिपेयरिंग करने हेतु आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीईश ट्रेडर्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9131112769, 9826744475 **(0294)**

**आवश्यकता है-** ज्वैलरी शोरूम में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- सराफ मनसुखलाल ज्वेलर्स, सदर बाजार बिलासपुर 9993251234, 9827108605 **(40368)**

**आवश्यकता है-** बाइक, ऑटो पार्ट्स, दुकान एवं लॉज में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन अनुभव के अनुसार पता- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 **(0300)**

**आवश्यकता है-** वेटर झाड़ू पोछा, साफ सफाई कार्य हेतु पुरुष कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 10000 से 12000 साथ निःशुल्क रहना, खाना, सम्पर्क करें- बिलासपुर 9826390898, 9406390898 **(40330)**

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर फील्ड आफिसर, कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है रायपुर महासमुंद और रायगढ मे संपर्क 9201958117, 9201958114, 7869230888 **(6616)**

**आवश्यकता है-** सिविल लाइन स्थित बंगले में कार्य हेतु अनुभवी पुरुष स्टाफ की आवश्यकता है। कार्यः खाना बनाना, बर्तन साफ करना, सर्विंग करना, रहने की सुविधा उपलब्ध (24 घंटे)। संपर्कः +91 96444 50780 **(27)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य, टेलीकॉलिंग हेतु महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है उम्र 35 तक योग्यता 10वीं से ग्रेजुएशन सैलरी 5000 से 10000 सम्पर्क करें- मन्दिर चौक बिलासपुर 08982373586 **(40322)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## बेचना है

**बेचना है-** तिफरा यदुनन्दन नगर में मकान 1500 वर्गफिट में बना 2BHK, तीन बाथरूम, एक दुकान गार्डन (48लाख) एवं प्लाट TNC 40×60 =2400 वर्गफिट 45लाख नगद वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9826314444 **(40358)**

**बेचना है-** मोपका विवेकानन्द कॉलोनी में 2BHK मकान एवं गुलाब नगर में 50×50 का प्लॉट, सत्यम चौक में ट्रेफिक थाना के पीछे 2300 वर्गफुट का मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9698800000 **(0303)**

**बेचना है-** जूना बिलासपुर मेन रोड 215 वर्गफुट में निर्मित 380 वर्गफुट डबल स्टोरी (बालाजी सेल्स, रमेश थ्रेड के बीच) दुकान। बैंक फाइनेंस, प्रॉपर्टी एक्सचेंज ऑफर भी। सम्पर्क करें- 9827168452, 9300625174, 9827466134 **(0308)**

**बेचना है-** 3BHK फ्लैट सर्वसुविधायुक्त परिसर में चकरभाठा मार्केट से लगा, एयरपोर्ट से नजदीक, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, वाजिब कीमत में बेचना है। तुरन्त रजिस्ट्री पर स्पेशल डिस्काउंट। सम्पर्क करें- 9826130163, 8770523386 **(40364)**

**बेचना है-** (1) कोरबा में लक्जरी घर 5BHK 4500 वर्गफुट 1.25 cr. में बेचना है। (2) निहारिका के पास में स्वतंत्रता मकान 1050 वर्गफुट, 44 लाख में बेचना है। सम्पर्क करें- 9755455909 **(40380)**

**बेचना है-** तीन एकड़ का सर्वसुविधायुक्त फार्म हाउस एवं उसी में संचालित फ्लाई एश ब्रिक्स प्लांट ग्राम पंचायत गनियारी गांव से लगा हुआ है बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 7000773172 **(40363)**

## किराया

**किराया-** बाबूजी एम्पायर, अशोक नगर चौक, सीपत रोड बिलासपुर में 10000 वर्गफिट काम्प्लेक्स में शॉपिंग मॉल, कोचिंग, ऑफिस एवं अन्य व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9827198371, 9907103707 **(40321)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

आरआर और सीएसके के बीच आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में मुकाबला

# पुरानी टीमों से टकराएंगे सैमसन-जडेजा, भिड़ंत होगी बेहद रोचक

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला-बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

**नए सत्र में रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे जडेजा**

### सैमसन होंगे कोर नेतृत्व का हिस्सा

सैमसन चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे। धोनी की गैर मौजूदगी में 20 साल के बाएं हाथ के स्पिनर हरफनमौला प्रशांत वीर को मौका मिल सकता है, जिन्होंने घरेलू टी20 मैचों में प्रभावित किया। उनके अलावा 14 .2 करोड़ रुपए में खरीदे गए कार्तिक शर्मा भी फोकस में होंगे, जो घरेलू सर्किट में छक्के लगाने के अपने हुनर के लिए जाने जाते हैं।

सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में आएंगे नजर



### आरआर के लिए नए दौर की शुरुआत

रॉयल्स के लिए सैमसन का जाना एक युग का अंत है और रियान पराग की कप्तानी में एक नए दौर की शुरुआत है, जो अपने घरेलू मैदान से कप्तानी की शुरुआत करेंगे। जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। उनकी बल्लेबाजी का दारोमदार यशस्वी जायसवाल पर रहेगा। उनके साथ युवा वैभव सूर्यवंशी और फॉर्म में चल रहे शिमरोन हेटमायेर हैं। रॉयल्स के लिए चिंता का सबब उसकी गेंदबाजी है। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं लेकिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में तेज गेंदबाजों को निरंतरता पर काम करना होगा।

### टीमें इस प्रकार

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा । चेन्नई सुपर किंग्स : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी । मैच का समय : शाम 7.30 बजे से।

---

## खबर संक्षेप



### विश्व वुशू चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों ने जीते दो पदक

**तियानजिन।** भारतीय खिलाड़ियों ने 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं, जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

### हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकेः विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट



कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। विटोरी ने कहा,'आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरुआत की जरूरत थी, जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी , लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। हमने अनुशासित गेंदबाजी नहीं की। विराट और पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए, जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।' उन्होंने कहा कि सनराइजर्स ने देखा कि आरसीबी के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कैसे गेंदबाजी की लेकिन उनके गेंदबाज रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। उन्होंने कहा,' हमने आरसीबी की गेंदबाजी से काफी कुछ सीखा लेकिन उस पर अमल नहीं कर सके।

### ब्रेक के बाद लय हासिल करने में मिली मदद : कोहली

**बेंगलुरु।** आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान



से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली। कोहली ने कहा,' वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैंने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे श्रृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।' कोहली ने कहा, 'मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था, जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा।

---

फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

# सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब सनशाइन डबल पूरा करने वाली बनीं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

मियामी ओपन का खिताब आर्यना सबालेंका ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियाटेक के बाद सबालेंका सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। आर्यना का ये लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले ऐश बार्टी और सेरेना विलियम्स ही लगातार ये टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है।

### स्टेफी, किम के क्लब में शामिल हुईं एरिना

आर्यना सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक ये कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं, जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची। उनसे पहले मार्टिना हिंगिस-2001, सेरेना विलियम्स-2003 और विक्टोरिया अजारेंका-2012 के फाइनल में पहुंची हैं।



### ये खिताब काफी खास : सबालेंका

खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा कि, ये खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। ये सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं ये कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं। सबालेंका ने कहा मैं तीसरे सेट में सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने की कोशिश कर रही थी। मुझे बहुत खुशी है कि मैंने अपनी भावनाओं को अच्छी तरह से संभाला और शुरुआत से लेकर अंत तक अपना ध्यान केंद्रित रखा।

### 2 घंटे 11 मिनट तक चला मैच

मैच 2 घंटे 11 मिनट तक चला और गॉफ के एक वाइड बैकहैंड शॉट के साथ चौथी बार उनकी सर्विस टूटने पर समाप्त हुआ। एरिना की मियामी ओपन फाइनल में जीत ने उन्हें गॉफ के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड में 7-6 से आगे कर दिया। गॉफ ने जोरदार वापसी करते हुए तीसरे सेट तक मैच को ले जाने की कोशिश की, लेकिन वह दर्शकों के जोरदार समर्थन से मिली गति को बरकरार नहीं रख सकीं। सबलेंका कई बार दर्शकों के शोर से परेशान हो गईं, खासकर तब जब एक लंबी रैली के दौरान किसी ने /"आउट/" चिल्ला दिया। उन्होंने उस दर्शक को अपशब्द कहे और चेयर अंपायर ने दर्शकों को चेतावनी दी, लेकिन साथ ही सबलेंका को आचार संहिता उल्लंघन का दंड भी दिया।



### गॉफ ने किए सात डबल फॉल्ट

गॉफ की अनियमित सर्विस के कारण सात डबल फॉल्ट हुए, जबकि सबालेंका ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। सबालेंका ने तीसरे सेट के पहले गेम में गौफ की पारी तोड़ दी, जिसमें गॉफ की डबल फॉल्ट और एक अनफोर्स्ड एरर का भी योगदान रहा। ब्रेक प्वाइंट पर, सबालेंका ने बैकहैंड विनर लगाकर शानदार जीत हासिल की।

## मैरी कॉम का नया पंच, अब प्रोफेशनल रिंग की तैयारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा,' छह विश्व चैंपियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिए अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।' मैरी कॉम ने कहा,' अभी इस बारे में सोच रही हूं। मैं कड़ी मेहनत करके वापसी की कोशिश में हूं ताकि लोगों को बता सकूं कि मैं क्या कर सकती हूं।' उन्होंने कहा,' मैं निजी तौर पर अपनी अकादमी से भी जुड़ी हूं। मैं मणिपुर आती जाती रहती हूं । कई बार मणिपुर के मौजूदा हालात के कारण मुश्किल हो जाती है लेकिन मैं जब नहीं जा पाती हूं तो भी फोन कॉल से अकादमी का कामकाज देखती हूं।'

---

फॉर्मूला वन

## 19 साल के एंटोनेली का कमाल जापान ग्रांप्री में लगातार दूसरी जीत



एजेंसी ▶▶| सुजुका

मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन (शीर्ष स्थान से रेस शुरू करने का अधिकार) से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

■ सत्र की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने किमी


### शुरुआत को बेहतर करने पर देना होगा ध्यान

एंटोनेली ने कहा, ' चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद उन्हें अपनी शुरुआत को बेहतर करने पर ध्यान देना होगा। इस युवा ड्राइवर ने कहा, 'मेरी शुरुआत खराब रही, मुझे बस यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। मुझे इसमें सुधार करना होगा क्योंकि इससे रेस में जीत या हार का बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।'

## फिट्जपैट्रिक ने जीता हीरो इंडियन ओपन का खिताब

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

एलेक्स फिट्जपैट्रिक ने वापसी करते हुए चार शॉट की बढ़त से हीरो इंडियन ओपन खिताब अपने नाम किया, जो उनका पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब है। उन्होंने जब आखिरी दिन की शुरुआत की तो वह शीर्ष पर चल रहे और गत चैंपियन यूजेनियो चाकारा से चार शॉट पीछे थे। लेकिन 18वें होल तक वह चार शॉट की बढ़त बनाए थे। फिट्जपैट्रिक ने आखिरी होल में डबल बोगी की, लेकिन तब तक वह ट्रॉफी जीतने के लिए दो शॉट की बढ़त बना चुके थे। इंग्लैंड के फिट्जपैट्रिक और चाकारा के बीच लंबे समय से प्रतिद्वंद्विता चली आ रही है, जो उनके एमेच्योर दिनों से शुरू हुई थी। एक साल पहले चाकारा ने हीरो इंडियन



ओपन 2025 खिताब जीता था और तब फिट्जपैट्रिक संयुक्त 17वें स्थान पर थे। हीरो मोटोकोर्प के कार्यकारी निदेशक डॉ पवन मुंजाल ने फिट्जपैट्रिक को ट्रॉफी और 433,500 डॉलर का चेक प्रदान किया। उन्होंने 585 अंक भी हासिल किए और रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए।

## मुंबई का सबसे बड़ा चेज, कोलकाता को 6-विकेट से हराया

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने अपना सबसे बड़ा रन चेज किया और IPL में 14 साल बाद पहला मैच जीत लिया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी KKR ने 4 विकेट खोकर 220 रन बनाए। MI ने 19.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 78 और रायन रिकेल्टन ने 81 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने 3 विकेट लिए। कोलकाता के लिए अजिंक्य रहाणे ने 67 और अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कार्तिक त्यागी ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई ने 2012 में आखिरी बार टूर्नामेंट में अपना पहला मैच जीता था। तब टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। मुंबई का बेस्ट रन चेज भी CSK के खिलाफ ही 2021 में आया था, तब टीम ने 219 रन चेज किए थे। अब MI ने दोनों ही रिकॉर्ड को सुधार लिया।



### रोहित-रिकेल्टन ने रखी नींव

221 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमआई को रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 11.5 ओवर में 148 रन की साझेदारी की। रोहित पहले विकेट के रूप में 78 रन बनाकर आउट हुए। 38 गेंदों की अपनी पारी में रोहित ने छह चौके और इतने ही छक्के लगाए। रोहित ने 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। आईपीएल में उनका यह सबसे तेज अर्धशतक है। रोहित का आईपीएल का यह 50वां अर्धशतक भी था।

राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका

## एशियाई चैंपियनशिप: मजबूत शुरुआत पर भारत की नजरें

एजेंसी ▶▶| उलानबटोर (मंगोलिया)

भारतीय मुक्केबाज सोमवार से शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र में हर मौके का पूरा फायदा उठाकर साल के आखिर में होने वाले बहु खेल टूर्नामेंटों के लिए सीधे कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए नए व्यस्त सत्र की शुरुआत होगी, जिसमें जुलाई-अगस्त में ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल, सितंबर-अक्टूबर में जापान में एशियाई खेल और उजबेकिस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स होने हैं। इस चैंपियनशिप के जरिए मुक्केबाजों को राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम पिछले 15 दिन से मंगोलिया में है और मंगोलिया, चीन, जोर्डन, थाईलैंड के मुक्केबाजों के साथ अभ्यास कर रही है।



### भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी लवलीना

महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो ), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किलो ) , मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा (48 किलो ) और जैसमीन लंबोरिया (57 किलो ) करेंगी। लवलीना ने फरवरी में स्पेन में बॉक्सेम इंटरनेशनल जीता था। वहीं निकहत, मीनाक्षी और जैसमीन नवंबर के बाद पहला टूर्नामेंट खेलेंगी।

### भारतीय कोचिंग ढांचे में बदलाव

भारतीय पुरुष टीम पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में मिली नाकामी का गम दूर करना चाहेगी, जहां 12 साल में पहली बार एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज पदक नहीं जीत सका था। भारत के कोचिंग ढांचे में भी बदलाव हुआ है और तीसरी बार सीए कुटप्पा मुख्य कोच के रूप में लौटे हैं। भारतीय पुरुष टीम की उम्मीदों का दारोमदार विश्व कप पदक विजेता जादूमणि सिंह (55 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो ) पर रहेगा।

### भारतीय टीम

महिला : मीनाक्षी (48 किलो), निकहत जरीन (51 किलो ), प्रीति पवार (54 किलो ), जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया (60 किलो), अंकुशिता बोरो (65 किलो), अरुंधति चौधरी (70 किलो), लवलीना बोरगोहेन (75 किलो), पूजा रानी (80 किलो ), अल्फिया तरन्नुम (80 प्लस किलो )। पुरुष : विश्वनाथ सुरेश (50 किलो), जादूमणि सिंह (55 किलो ), सचिन (60 किलो), आदित्य प्रताप यादव (65 किलो), दीपक (70 किलो), आकाश (75 किलो), अंकुश (80 किलो), लोकेश (85 किलो), हर्ष चौधरी (90 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो )।

# ब्रह्मांड का सबसे खूबसूरत नजारा! जेम्स वेब टेलिस्कोप ने खींची अद्भुत तस्वीरें




हमारे सौरमंडल का सबसे खूबसूरत ग्रह शनि है। वैसे तो शनि ग्रह खुद धुंधला और गहरा है, लेकिन उसके चारों ओर के छल्ले रोशनी से सराबोर हैं। इन छल्लों की वजह से लोग इस ग्रह को देखना चाहते हैं। अब नासा ने शनि की ऐसी तस्वीरें जारी की हैं, जो आपने पहले कभी नहीं देखी होंगी. नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने शनि ग्रह की ताजा तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें इसकी रिंग्स (वलय) किसी चमकीले हार की तरह 'इन्फ्रारेड' रोशनी में चमक रही हैं। यह वैज्ञानिक खोज शनि के वायुमंडल और वहां हो रहे मौसम में बदलावों के कई गहरे राज खोल रही है।

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन।

आम तौर पर हम शनि को पीले या सुनहरे रंग का देखते हैं, लेकिन जेम्स वेब टेलीस्कोप की तस्वीरों में यह बिल्कुल अलग है। इसका कारण वैज्ञानिक इन्फ्रारेड वेवलेंथ को मानते हैं। क्योंकि शनि के वायुमंडल में मौजूद मीथेन गैस सूरज की रोशनी को सोख लेती है, जिससे ग्रह का मुख्य हिस्सा काला या गहरे रंग का दिखाई देता है। वहीं, शनि के छल्ले मुख्य रूप से बर्फ के टुकड़ों और चट्टानों से बने हैं। ये बर्फ के कण इन्फ्रारेड रोशनी को सोखने के बजाय उसे वापस फेंकते हैं, जिससे वे अंधेरे अंतरिक्ष में चमकते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह नजारा ऐसा है मानो अंधेरे कमरे में कोई हीरों का हार चमक रहा हो।

## शनि का बदला हुआ रूप देख वैज्ञानिक दंग




### क्यों जरूरी है यह स्टडी?

इससे वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि शनि जैसे गैस जायंट ग्रहों पर हवाएं और तूफान कैसे काम करते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इन तस्वीरों से यह पता चल पाएगा कि शनि की रिंग्स कितनी पुरानी हैं और क्या वे आने वाले समय में कभी गायब हो सकती हैं। साथ ही इन्फ्रारेड डेटा से वैज्ञानिक यह समझ पाएंगे कि शनि के बादलों के नीचे कौन सी गैसें और रासायनिक प्रक्रियाएं चल रही हैं।

### शनि पर मौसम का बदलता मिजाज

वैज्ञानिकों ने इन तस्वीरों के जरिए शनि के उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों का बारीकी से अध्ययन किया है। जिसके बाद उन्होंने पाया कि पृथ्वी की तरह शनि पर भी मौसम बदलता है, लेकिन वहां एक मौसम कई सालों तक चलता है। तस्वीरों से पता चला है कि शनि के उत्तरी गोलार्ध में अब गर्मियों का अंत हो रहा है। वहीं, वायुमंडल की ऊपरी परतों में गहरे रंग की धुंध (**Haze**) देखी गई है, जो मौसमी बदलावों के कारण अपनी जगह बदल रही है।



### चंद्रमाओं की भी दिखी झलक

इन तस्वीरों में आपको केवल शनि ही नहीं, बल्कि उसके कुछ छोटे चंद्रमा भी टिमटिमाते हुए दिख रहे होंगे। वैज्ञानिकों के लिए यह डेटा बहुत कीमती है, क्योंकि इससे वे शनि के वायुमंडल की गहराई और उसके छल्लों की उम्र का सटीक अंदाजा लगा पाएंगे।

### जेम्स वेब बनाम हबल में क्या है अंतर?

हबल टेलीस्कोप हमें वह दिखाता है जो हमारी आंखें देख सकती हैं , लेकिन जेम्स वेब उस गर्मी और रोशनी को पकड़ता है जो छिपी हुई है। यही कारण है कि जहां हबल में शनि एक शांत ग्रह दिखता है, वहीं वेब की तस्वीरों में यह एक सक्रिय और गतिशील दुनिया नजर आता है।

## रोचक खबरें

### ऑस्ट्रेलिया में खून की तरह लाल हो गया आसमान, दिखा भयानक नजारा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐसा दिखा जिसने लोगों को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आसमान खून की तरह लाल नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया का है। 28 मार्च को शार्क बे और डेनहम में हर तरफ लाल धूल की चादर छा गई थी, जिसकी वजह से सड़कें, घर और समुद्र का किनारा लाल हो गया। ट्रॉपिकल साइक्लोन नरेल की वजह से वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में यह डराने वाले नजारा देखने को मिला। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेज हवाओं के कारण रेगिस्तानी इलाके की आयरन से भरी लाल मिट्टी हवा में उड़ने लगी और आसमान में लाल धूल फैल गई। इस कारण आसमान खून की तरह लाल दिखाई देने लगा। साइक्लोन नरेल वेस्टर्न 27 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के नॉर्थ-वेस्ट कोस्ट पहुंचा। इस दौरान 250 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। तेज हवाओं की वजह से विजिबिलिटी शून्य हो गई और लोगों अपने घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इनक्रेडिबली ईरी और अपोकैलिप्टिक जैसा नजारा था। शार्क बे कैरावन पार्क ने सोशल मीडिया पर लिखे पोस्ट में बताया है कि बाहर का माहौल बिल्कुल बेहद अजीब और डरावना है और हर चीज धूल से ढकी हुई है। साइक्लोन की वजह से लोगों के घरों की बिजली चली गई, घरों की छतें उड़ गईं, नावें डूब गईं और एयरपोर्ट को भारी नुकसान हुआ है।

### 9 साल में 139 बार फेल हुए, अब जाकर पास की ड्राइविंग परीक्षा



वारसॉ। क्या आप एक-दो बार फेल होने पर हिम्मत हार जाते हैं? पोलैंड के इस शख्स की कहानी पढ़कर आप दंग रह जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस पाने के जुनून में इस बंदे ने 9 साल लगा दिए और 138 बार फेल होने के बाद आखिरकार 139वें प्रयास में कामयाबी हासिल की। करीब पौने दो लाख रुपए फूंकने के बाद मिली इस जीत की कहानी सोशल मीडिया पर तूफान मचा रही है। कहते हैं कि कोशिश करने वालों की हार नहीं होती, लेकिन पोलैंड के टार्नोव शहर के इस शख्स ने तो इस कहावत को एक अलग ही लेवल पर पहुंचा दिया है। साल 2017 से यह शख्स ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 'थ्योरी एग्जाम' (कंप्यूटर टेस्ट) दे रहा था। दुनिया बदल गई, सरकारें बदल गईं, लेकिन इस शख्स का इरादा नहीं बदला। 138 बार कंप्यूटर की स्क्रीन पर 'फेल' देखने के बाद भी वह 139वीं बार एग्जाम सेंटर पहुंचा और इस बार उसने इतिहास रच दिया। इस जिद की कीमत भी काफी भारी रही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 9 सालों में परीक्षा फीस के तौर पर वह लगभग 1,800 यूरो (करीब 2,100 डॉलर या 1.75 लाख रुपए) खर्च कर चुका है। टार्नोव परीक्षा केंद्र के डायरेक्टर पावेल गुरगुल भी इस शख्स के जज्बे को देख हैरान रह गए।

# कोरोना से भी खतरनाक बीमारी ने दी दस्तक! इंसानियत का है सबसे पुराना दुश्मन

न्यूयार्क। विज्ञान की भाषा में जिसे हम टीबी कहते हैं, उसे सदियों पहले सफेद प्लेग के नाम से जाना जाता था। क्योंकि, इसके मरीज बेहद पीले और कमजोर पड़ जाते थे। अब एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के 25 से ज्यादा राज्यों में यह बीमारी तेजी से एक बार फिर से पैर पसार रही है। अकेले न्यूयॉर्क शहर में लगभग 1,000 मामले सामने आए हैं। वैज्ञानिकों का दावा है कि लंबे समय तक होने वाली मौतों के मामले में यह बीमारी कोरोना (कोविड-19) को भी पीछे छोड़ सकती है। यह वही बीमारी है जिसने 18वीं और 19वीं शताब्दी में यूरोप और अमेरिका की आबादी का एक बड़ा हिस्सा खत्म कर दिया था।

### क्या है व्हाइट प्लेग?

व्हाइट प्लेग कोई नई बीमारी नहीं है। इसको ही ट्यूबरकुलोसिस या क्षय रोग के नाम से जाना जाता है। पुराने समय में इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति का शरीर खून की कमी और कमजोरी के कारण सफेद या पीला पड़ जाता था, इसलिए इसे व्हाइट प्लेग कहा जाने लगा। यह हजारों सालों से इंसानों को मार रही है। 18वीं और 19वीं शताब्दी में इसने यूरोप और अमेरिका की एक-चौथाई आबादी को खत्म कर दिया था।

### लोग कहते हैं- साइलेंट किलर



### अचानक वापसी के पीछे का विज्ञान

आज के समय में जब टीबी का इलाज संभव है, तो फिर भी यह क्यों फैल रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण वह बैक्टीरिया है, जिस पर सामान्य दवाएं असर नहीं कर रही हैं। यह 'सुपरबग' की तरह विकसित हो गया है। इसके साथ ही डॉक्टर्स का मानना है कि कोविड-19 के बाद कई लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हुई है, जिससे दबे हुए टीबी बैक्टीरिया फिर से सक्रिय हो रहे हैं। वहीं, अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के कारण संक्रमण एक देश से दूसरे देश में तेजी से फैल रहा है।

### लक्षण, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए

टीबी के लक्षण धीरे-धीरे सामने आते हैं। जैसे लंबे समय तक खांसी रहना, बुखार, रात में पसीना आना, वजन कम होना और लगातार कमजोरी महसूस होना। अक्सर लोग इसे सामान्य खांसी या थकान समझकर टाल देते हैं, जिससे बीमारी गंभीर हो जाती है।

### सावधानी ही बचाव है

डॉक्टरों का कहना है कि टीबी का इलाज संभव है, लेकिन इसमें धैर्य जरूरी है। समय पर पहचान और बिना रुके पूरा इलाज ही इसका एकमात्र समाधान है। मास्क पहनना और स्वच्छता बनाए रखना सिर्फ कोरोना ही नहीं, बल्कि इस व्हाइट प्लेग से बचने के लिए भी जरूरी है।



### अमेरिका में क्यों बढ़ रहे हैं मामले?

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में टीबी के मामलों में अचानक उछाल देखा गया है। अकेले न्यूयॉर्क में करीब 1,000 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसने स्वास्थ्य अधिकारियों को अलर्ट पर डाल दिया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान टीबी की जांच और इलाज में आई कमी के कारण अब इसके मामले 'विस्फोटक' तरीके से बढ़ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता मल्टी-ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की है, जिस पर सामान्य एंटीबायोटिक्स असर नहीं करती हैं।

### कैसे फैलती है टीबी

टीबी का संक्रमण हवा के जरिए फैलता है। जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता या छींकता है, तो उसके साथ बैक्टीरिया भी हवा में फैल जाते हैं। आसपास मौजूद लोग आसानी से इसकी चपेट में आ सकते हैं। खास बात यह है कि हर संक्रमित व्यक्ति तुरंत बीमार नहीं दिखता। कई बार यह बीमारी शरीर के अंदर छिपी रहती है और बाद में अचानक सक्रिय हो जाती है।

### क्या भारत के लिए भी है अलर्ट?

भारत दुनिया में टीबी के सबसे ज्यादा बोझ वाले देशों में से एक है। अमेरिका जैसे विकसित देश में टीबी का फिर से उभरना एक वैश्विक चेतावनी है। भारत सरकार का लक्ष्य 2025 तक टीबी मुक्त भारत का है, लेकिन वैश्विक स्तर पर बढ़ते मामले इस लक्ष्य के लिए एक नई चुनौती बन सकते हैं।


### 15,800 साल पुराना निकला इंसान और कुत्ते का याराना!

**अंकारा।** इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कौन है? इस सवाल का जवाब हमेशा 'कुत्ता' ही होता है, लेकिन यह दोस्ती कितनी पुरानी है, इसे लेकर अब तक कई कयास लगाए जाते थे। तुर्की के एक पुरातात्विक स्थान से मिले कुत्ते के जबड़े और दांतों के अवशेषों ने साबित कर दिया है कि यह रिश्ता 15,800 साल से भी ज्यादा पुराना है। यह खोज हिमयुग के उस दौर की है, जब इंसान खेती करना भी नहीं जानता था। उस दौर में इंसान जंगलों में शिकार करके पेट भरता था, तब भी कुत्ता उसकी सुरक्षा के लिए साथ खड़ा रहता था। तुर्की के डिकिली इलाके में एक गुफा की खुदाई के दौरान वैज्ञानिकों को एक छोटा सा दांत मिला। पहले लगा कि यह किसी जंगली भेड़िए का होगा, लेकिन जब इसकी आधुनिक तकनीक से जांच हुई, तो पता चला कि यह एक पालतू कुत्ते का है। आपको बता दें कि यह अब तक का मिला सबसे पुराना सबूत है, जो बताता है कि इंसान और कुत्ते 15,000 साल से भी पहले एक साथ रहना शुरू कर चुके थे।




# 700 साल पुराना मंगोल सेना का जहाज मिला, समुद्र में छिपा था आक्रमण का राज

**टोक्यो।** ताकाशिमा द्वीप के पास समुद्र में पुरातत्वविदों को एक बेहद पुराना जहाज मिला है, जो करीब 745 साल पुराना बताया जा रहा है। यह जहाज इमारी खाड़ी में मिला है और माना जा रहा है कि यह मंगोल आक्रमण के दौरान डूबे जहाजों में से एक था। पिछले 15 सालों में इस इलाके में यह तीसरा जहाज है, जो खोजा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह जहाज 1281 में हुए मंगोल आक्रमण से जुड़ा माना जा रहा है, जिसका नेतृत्व कुबलई खान ने किया था। इस युद्ध को कोआन युद्ध कहा जाता है और यह उस समय का सबसे बड़ा समुद्री अभियान था। जिसमें लगभग 1.4 लाख सैनिक, करीब 4,400 जहाज और दो बड़ी



सेनाएं (चीन और कोरिया से) शामिल थीं। लेकिन, इस मिशन को एक भयंकर तूफान ने खत्म कर दिया, जिसे बाद में कामीकाज़े (दैवीय हवा) कहा गया। इतिहास के अनुसार, जब दोनों सेनाएं जापान के पास पहुंचीं, तभी एक शक्तिशाली तूफान आया। कई जहाज समुद्र में डूब गए। जो किनारे पहुंचे, उन्हें जापानी सेना ने हरा दिया। यही कारण है कि यह आक्रमण पूरी तरह असफल हो गया।

### कैसे मिली यह खोज?

इस जहाज को 2023 में समुद्र की तलहटी स्कैनिंग तकनीक से खोजा गया था। यह करीब 65 फीट गहराई में दबा हुआ था। यह जहाज चीन के झेजियांग क्षेत्र में बना था। इससे पता चलता है कि यह जहाज मंगोल सेना की जियांगनान सेना का हिस्सा था।

### इतिहास के और राज अभी बाकी

पुरातत्वविदों का मानना है कि यह खोज सिर्फ शुरुआत है। हजारों जहाजों में से अब तक सिर्फ 3 ही मिले हैं। समुद्र के नीचे अभी भी कई रहस्य छिपे हो सकते हैं। यह खोज न सिर्फ इतिहास को समझने में मदद कर रही है, बल्कि उस समय के सैनिकों की जिंदगी की झलक भी दिखाती है।

### वो शहर जहां गटर का पानी भी है कांच जैसा साफ

टोक्यो। सफाई का ऐसा जुनून कि कचरा भी रास्ता भूल जाए और मछलियां बेखौफ होकर तैरें। जापान का ये नजारा महज एक वीडियो नहीं, बल्कि हम सबके लिए एक खूबसूरत सबक है कि अगर नीयत साफ हो, तो गटर भी गुलशन बन सकते हैं। जापान में सफाई कोई काम नहीं, बल्कि वहां की तहजीब का हिस्सा है। वहां के कई शहरों में सड़कों के किनारे बहने वाली नालियां इतनी साफ हैं कि, आप उनमें अपना चेहरा देख सकते हैं। इन नालियों में नीले, नारंगी और सफेद रंग की कोइ मछलियां ऐसे घूमती हैं, जैसे किसी फाइव स्टार होटल के तालाब में हों। यह करिश्मा मुमकिन हुआ है वहां के लोगों की कड़ी मेहनत और कुदरत के प्रति उनकी मोहब्बत से।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com